* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 69

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

राजस्थान, एमपी समेत 6 राज्यों में सर्दी का अलर्ट: दिल्ली में 3 डिग्री, तो चूरू में 0 डिग्री रिकॉर्ड



कोरोना के नये वैरिएंट को लेकर एक्शन में राज्य सरकार

राज्य में स्थिति पर अधिकारी रखें पैनी नजर : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि कई देशों में पिछले एक सप्ताह से कोविड-19 के नये मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आने वाले दिनों में हो सकता है कि कोविड के मामलों में बढ़ोतरी हो। ऐसे में चिकित्सा व्यवस्था संबंधी सभी चीजों को अलर्ट मोड में रखें। स्थिति पर राज्य सरकार की पैनी नजर बनी रहे, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री कोविड-19 के नये वैरिएंट बीएफ7 के बढ़ते प्रसार की आशंका के मद्देनजर राज्य में स्वास्थ्य तैयारियों को लेकर सोमवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के नये मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा व्यवस्थाओं के प्रति हमें गंभीरता पूर्वक तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तैयारी इस तरह रखें कि आपातकालीन स्थिति में अफरा-तफरी का माहौल नहीं बने। उन्होंने कोरोना वायरस से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा की। कोविड-19 के नये वैरिएंट से निपटने के लिए अस्पताल, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, दवाइयों और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता के पुख्ता इंतजाम के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। राज्य में बेड, ऑक्सीजन, टेस्ट किट आदि के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गयी।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव-सह-स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने मास्क पहनना शुरू किया

देश में कोरोना के नये मामलों को देखते हुए एक बार सभी लोग सतर्क हो रहे हैं। पूर्व की तरह मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजर आदि प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी हो गया है। हालांकि सरकार ने बैठक के बाद कोई नयी गाइडलाइन जारी नहीं की है, लेकिन सतर्कता दिखने लगी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में मास्क लगा कर आये थे। वहीं, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी मास्क लगा रखा था।

बैठक की मुख्य बातें

- सभी मेडिकल कॉलेज और निजी संस्थानों से कोविड-19 के मामलों को जिनोम स्किवेंसिंग के लिए सैंपल भेजा जायेगा।
- पांच रणनीतियां यथा टेस्ट, ट्रेकिंग, ट्रीटमेंट, टीकाकरण एवं कोविड समुचित व्यवहार का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।
- कोविड-19 की जांच के लिए किट की समुचित व्यवस्था की गयी है। जिलों में रैपिड एंटीजन किट तथा वीटीएम किट्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।
- प्रेझा फाउंडेशन के माध्यम से रांची, जमशेदपुर, चाईबासा, बोकारो, देवघर गुमला एवं गोड्डा में भी आरटीपीसीआर लैब को जल्द क्रियाशील किया जायेगा।

झारखंड समेत देश के कई राज्यों में मॉक ड्रिल

रांची। भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना के 196 नये मामले सामने आये हैं। कोरोना से दो लोगों की मौत हो गयी है। कोरोना के बढ़ते कदम को थामने के लिए झारखंड समेत देश के कई राज्यों में आज मॉक ड्रिल किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को तैयारियों को दुरुस्त करने के लिए कहा है। लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया है।

पू. सिंहभूम और गढ़वा में कोरोना मरीज मिले

रांची/मेराल। राज्य में पिछले 24 घंटे में कोरोना को दो मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम में एक महीने बाद कोरोना का नया मरीज मिला है। प्रशासन उसके साथ मिलने-जुलने वालों का पता लगा रही है। उधर, गढ़वा के मेराल में एक कोरोना संक्रमित महिला मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेराल में फैमिली प्लानिंग का ऑपरेशन कराने आयी महिला का एंटीजन टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव मिला। उसका अब आरटीपीसीआर टेस्ट कराया गया है।

हमें अतीत को लेकर छोटी सोच हटानी होगी: नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पीएम मोदी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में पहुंचे और यहां शबद कीर्तन सुना। ये कीर्तन 300 बाल कीर्तनियों ने गाया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह औरंगजेब के आतंक और भारत को बदलने की उसकी नीयत के खिलाफ डट कर खड़े रहे। औरंगजेब और उसके लोग तलवार का डर दिखा कर गुरु गोबिंद सिंह और उनके बच्चों का धर्म बदलना चाहते थे, लेकिन वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुए। एक देश, जहां का इतिहास ऐसा है, उसे तो आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमें कुछ खास कहानियां ही पढ़ायी गयीं, जिससे हीनभावना आती है। अगर हम भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं तो हमें इतिहास को छोटे नजरिये से देखना बंद करना होगा।

चाकू तेज रखो, पता नहीं क्या स्थिति पैदा हो जाये : प्रज्ञा सिंह

- भाजपा सांसद ने की लव जिहादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने की अपील

अजाद सिपाही संवाददाता

भोपाल। भोपाल से भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बहुत ही आक्रामक बयान दिया है। कहा है कि अपने घरों में हथियार रखो। कुछ नहीं तो कम से कम सब्जियां काटने के लिए चाकू तेज रखो। पता नहीं क्या स्थिति पैदा हो जाये। अगर कोई हमारे घर में घुसपैठ करता है और हम पर हमला करता है, तो मुंहतोड़ जवाब देना हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। वह कर्नाटक के शिवमोगा में आयोजित हिंदू जागरण वैदिक के दक्षिण क्षेत्र वार्षिक सम्मेलन में बोल रहीं थीं।

उनके पास जिहाद की परंपरा:

प्रज्ञा ठाकुर ने लव जिहाद पर कहा कि उनके पास जिहाद की परंपरा है, अगर कुछ नहीं है, तो वे लव जिहाद करते हैं। अगर वे प्यार भी करते हैं, तो उसमें भी जिहाद करते हैं। हम भी प्यार करते हैं, भगवान से प्यार करते हैं, एक संन्यासी अपने भगवान से प्यार करता है। संन्यासी के अनुसार जब तक सभी अत्याचारी और पापी लोगों को हटा नहीं दिया जाता है, तब तक ईश्वर द्वारा बनायी गयी इस दुनिया में प्रेम की सच्ची परिभाषा जीवित नहीं रह सकती है।

उन्होंने हमारे हिंदू वीरों को काटा:

सांसद ने कहा कि लव जिहाद में शामिल लोगों को उसी तरह से जवाब दें। अपनी लड़कियों को सुरक्षित रखो, अपनी लड़कियों को संस्कारित करो। उन्होंने चाकू से हमारी हर्षा को गोदा। उन्होंने चाकू से हमारे हिंदू वीरों, बजरंग दल, भाजपा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गोदा है, काटा है। हम भी सब्जी काटने वाला चाकू तेज रखें। पता नहीं कब कैसा मौका आये। जब हमारी सब्जी अच्छे से कटेगी, तो निश्चित रूप से मुंह और सिर भी अच्छे से कटेंगे।

रामगढ़ की विधायक ममता देवी की सदस्यता खत्म

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ की विधायक ममता देवी की सदस्यता खत्म कर दी गयी है। हजारीबाग के एक न्यायालय द्वारा गोला के एक मामले में उन्हें सजा सुनाये जाने के बाद झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सय्यद जावेद हैदर ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। जिसमें लिखा है कि 13 दिसंबर से कांग्रेस की विधायक ममता देवी की सदस्यता समाप्त की जाती है।

पीएलएफआइ के पूर्व एरिया कमांडर मिठू पर चलायी गोली

प्रतिशोध में कमांडर के परिवार वालों ने हमला कर तीन लोगों को किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के केसीपारा चौक पर अंबोआ मुखिया सीता देवी के पति को गोली मार दी गई। यह घटना संतोष पंडित के किराना दुकान के सामने घटी। सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधी ने इस घटना को अंजाम दिया। अंबोआ पंचायत के मुखिया सीता देवी के पति का संबंध पुर्व में पीएलएफआई से रहा है। यानि पूर्व एरिया कमांडार मीठू गोप को गोली मारी गई है। गोली मीठू के बाएं हाथ में लगी है। स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। मीठू गोप ने बताया कि आज वह अंबोआ मेला देखने गया था। जहां से शाम करीब छह बजे वापस लौटकर संतोष पंडित की दुकान के बाहर बैठा हुआ था। अंधेरा होने के बाद एक अज्ञात हथियारबंद युवक आया और अपने कमर से कट्टा निकाल कर उस पर निशाना साधा। संयोग वश गोली मिस फायर हो गया। इसके बाद अपराधी फौरन अपने कमर से दूसरा लोडेड कट्टा निकाला और सीधा उसके सिर फायर कर दिया। तभी मीठू गोप अपराधी को फायर करता देख अपना बायां हाथ को ऊपर कर बचाव का प्रयास किया, जिससे गोली उसके सर पर न लग कर हाथ में जा लगी। जिसके बाद मिठू मौके से भागने लगा। मगर अपराधी ने कुछ दूर तक पीछा किया। इसी बीच मीठू गोप बचाव बचाव चिलाने लगा। आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर अपराधी का पीछा किया मगर वह घटना स्थल से भागने में कामयाब रहा। ज्ञात हो कि मीठू गोप पूर्व में पीएलएफआई का एरिया कमांडर था। वह वर्ष 2016 में जेल जा चुका है। 2018 में जेल से निकलने के बाद समाज के मुख्य धारा में रहकर अपना जीविकोपार्जन कर रहा था। इसी बीच 2022 में वह अपनी पत्नी सीता देवी को मुखिया पद में खड़ा कर उसे मुखिया बनाने में बनाने में महत्ती भूमिका निभायी है। मीठू पर हमला के बाद उसके परिजनों ने शंका जाहिर करते हुए गांव के ही बीतू साहु के घर पर लाठी डंडा से हमला कर परिवार के तीन लोग यथा बीतू साहु की पत्नी एतवारी देवी, उसकी बेटी पूजा कुमारी और अनुका कुमारी को घायल कर दिया। परिजनों द्वारा तीनों घायलों को गंभीर व लहुलूहान अवसथा में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें एतवारी देवी व पूजा कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

15 मामलों में कुंदन पाहन बरी, अब सिर्फ सात मामले में चल रहे केस

क्या राजनीति में हाथ आजमायेगा कुंदन!

मनीष सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। कुंदन पाहन, इस नाम को शायद ही कोई ऐसा हो, जो नहीं जानता हो। एक समय ऐसा था, जब इस नक्सली का पूरे कोल्हान क्षेत्र में राज चलता था। वह आतंक का दूसरा नाम था। पुलिस के लिए उसे पकड़ना एक चुनौती से कम नहीं था। पुलिस पकड़ भी नहीं पायी। कुंदन ने खुद समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला लिया। इसके बाद 2017 में सरेंडर कर दिया। उस पर 22 मामले चल रहे हैं। उनमें से 15 मामलों में कुंदन पाहन बरी हो चुका है। अब केवल सात मामले कोर्ट में लंबित हैं। सूत्रों की मानें तो कुंदन पाहन को राजनीति में दिलचस्पी है। उसने भविष्य में राजनीति में हाथ आजमाने की भी सोच रखी है। सारे मामलों से बरी होने के बाद कुंदन पाहन के कदम अगर राजनीतिक क्षेत्र में उतर आये, तो आश्चर्य की बात नहीं होगी।

नक्सली कुंदन पाहन ने 2017 में सरेंडर किया था। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पूर्व नक्सली कुंदन पाहन को पुलिस अब तक एक भी केस में सजा नहीं दिला पायी है। वर्ष 2010 से लेकर अब तक कुंदन पाहन के जितने भी केस में कोर्ट ने फैसला सुनाया है, उसमें से एक भी केस में पुलिस उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत नहीं कर पायी। जिसका नतीजा है कि कोर्ट ने कुंदन को 15 अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया है। इसमें ज्यादातर मामले हत्या, हत्या का प्रयास, लेवी वसूलने, पुलिस टीम पर हमला करने, लूटपाट और आर्म्स एक्ट से जुड़े हुए हैं। कुंदन एमसीसी का टॉप नक्सली था। झारखंड पुलिस ने उसपर 15 लाख का इनाम रखा था। इतना ही नहीं सीमावर्ती राज्यों की पुलिस भी कुंदन पाहन के आतंक से परेशान थी। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर कुंदन ने वर्ष 2017 में सरेंडर किया था, जिसके बाद फिलहाल उसे हजारीबाग ओपन जेल में रखा गया है। कुंदन पर जिन मामलों में ट्रायल जारी है, उसमें 5 करोड़ नकद समेत एक किलो सोने की लूट, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर फ्रांसिस इंदवार और पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या के अलावा आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं।

कुंदन पाहन पर केस का ब्योरा

थाना	कांड संख्या	फैसला			
तमाड़	97/2009	बरी	बुंडू	23/2004	बरी
बुंडू	87/2009	बरी	बुंडू	88/2009	बरी
बुंडू	90/2010	बरी	बुंडू	68/2004	बरी
बुंडू	51/2009	बरी	अनगड़ा	85/2008	बरी
बुंडू	45/2004	बरी	नामकुम	-	बरी
बुंडू	20/2004	बरी	धुर्वा	140/2012	पेंडिंग
अनगड़ा	91/2014	बरी	बुंडू	65/2008	पेंडिंग
तमाड़	97 /2009	बरी	तमाड़	69/2014	पेंडिंग
बुंडू	94/2009	बरी	अड़की	63/2006	पेंडिंग
तमाड़	51/2014	बरी	तमाड़	44/2008	पेंडिंग
			अनगड़ा	61/2009	पेंडिंग

सर्राफा

सोना (बिक्री)	51,500 रु./10 ग्राम
चांदी	72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

नीतीश जी, पीने वाला तो मर गया, परिवार का क्या कसूर!

मुआवजा न देने की यह जिद किसी अभिभावक की नहीं हो सकती, आखिर विधवाएं और अनाथ बच्चे किससे मांगेंगे इंसाफ

आजाद सिपाही विशेष

बिहार में हाल में हुए जहरीली शराब कांड का तूफान अभी तक थमा नहीं है। इस तूफान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस बयान ने एक दुखद और अफसोसनाक पहलू जोड़ दिया है, जिसमें सीएम ने कहा है कि शराब पीकर मरनेवालों के परिजनों को सरकार मुआवजा नहीं देगी। इतना ही नहीं, जहरीली शराब से मरे लोगों के परिजनों के जले पर उन्होंने यह कह कर नमक छिड़क दिया है कि जो शराब पियेगा, वह मरेगा ही। इसमें सरकार कुछ नहीं कर सकती। नीतीश कुमार का यह स्टैंड अपरिपक्व और बचकाना ही नहीं, राजनीतिक रूप से असंवेदनशील है और सुशासन बाबू की उनकी छवि पर एक बदनुमा धब्बा भी है। जहरीली शराब से प्रभावित परिवार अब सवाल कर रहे हैं कि पीने वाला तो मर गया, लेकिन इसमें उनका क्या कसूर है। जहरीली शराब की बलि चढ़नेवाले मकानों पर पुताई करते थे, कबाड़ी का काम करते थे, दिहाड़ी मजदूर थे या छोटी सी दुकान चलाते थे। उनमें से कई नोएडा, दिल्ली, ओड़िशा और पंजाब में अपने घरों से दूर मजदूर थे, घर में शादी थी, तो आये थे। घर में शराब ने उन्हें मौत की नींद सुला दी और उनका परिवार अनाथ हो गया। बेसहारा विधवाएं और अनाथ हो गये बच्चे पूछ रहे हैं कि आखिर सरकार उन्हें किस बात की सजा दे रही है। इनका सवाल वाजिब है कि क्या जहरीली शराब कांड में सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। यदि सरकार इस पर ध्यान नहीं देगी, तो कौन देगा। आखिर कोई भी शराब कैसी भी शराब बिहार में बिक कैसे सकती है, जब पाबंदी लगी है। कहीं तो यह शराब बन रही होगी, बिक भी रही होगी। ऐसी जगहों का पता छुपाये नहीं छुपता है। यह तो सिस्टम का फेलियर है, नहीं तो प्रशसन अगर चाह ले, तो शराब का जखीरा क्या, एक बोतल तक बिहार में नहीं मिले। कहावत तो यह भी है कि पुलिस अगर चाह ले तो सुई भी ढूंढ़ लेती है, फिर वह तो जहरीली शराब की भट्ठी ही होगी, जहां से लोगों ने शराब लेकर पी होगी और काल के गाल में समा गये होंगे। बिहार की इन बेसहारा विधवाओं और अनाथ बच्चों के इन्हीं सवालों को टटोल रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

बिहार के जहरीली शराब कांड ने एक तरफ जहां नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली महागठबंधन सरकार की शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ा दी हैं, वहीं इसके शिकार लोगों के परिजनों के प्रति नीतीश कुमार के स्टैंड ने बहुत गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। सीएम नीतीश ने साफ कहा है कि जहरीली शराब पीकर मरे लोगों के परिजनों को सरकार कोई मुआवजा नहीं देगी। सीएम ने तो इससे एक कदम आगे बढ़ कर कह दिया कि जो शराब पियेगा, वो मरेगा ही। आखिर कोई सरकार से पूछ कर शराब पीने जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह स्टैंड किसी गंभीर और परिपक्व राजनेता का नहीं हो सकता, बल्कि यह जिम्मेदारी से भागने का प्रमाण है। यदि नीतीश जहरीली शराब कांड के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार नहीं मानते हैं, तो क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे उसी विधानसभा में खड़े होकर एलान करें कि शराब पीने वाले और उनके परिवार वाले उन्हें वोट भी न दें। इसके अलावा उन्हें यह भी समझना चाहिए कि मुआवजा मरने वालों को नहीं, मदद के तौर पर उनके परिवार वालों को दिया जाता है। ऐसे में जहरीली शराब पीकर मरे लोगों के परिजनों को मदद न देकर सरकार उन्हें भी कानूनन दोषी मान रही है। ये सवाल न केवल बिहार के लोग पूछ रहे हैं, बल्कि उन 75 परिवारों की विधवाएं और अनाथ बच्चे पूछ रहे हैं, जिनके पति या पिता जहरीली शराब के शिकार बन गये। इन्हें अपने परिजनों की असमय मौत का गम तो है ही, इस सरकार के असंवेदनशील रवैये के प्रति गुस्सा भी है और इस बात का दुख भी कि इस मुश्किल वक्त में वह सरकार ही गायब है, जिसे उन्होंने चुना था। वे पूछ रहे हैं कि सरकार ने उन्हें उस गुनाह के लिए दोषी ठहरा दिया है, जो उन्होंने किया ही नहीं। इन बच्चों के पिता नहीं रहे और अब सरकार ने इनके अनाथ होने को भी गैर-कानूनी करार दे दिया है। सीएम नीतीश के इस रवैये से मृतकों के वे परिवार निशाने पर हैं, जिनके पास शायद अब गुजारा करने के भी संसाधन नहीं बचे हैं। इस घटना से तीन अहम सवाल पैदा होते हैं। पहला सवाल यह है कि क्या शराब पीने की लत को अपराध माना जा सकता है और मरने के बाद उस शख्स के परिवार के मौलिक अधिकार को सरकार निलंबित कर सकती है। दूसरा सवाल यह है कि मरने वाले कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोग थे, 20-20 रुपये की शराब खरीद कर पीते थे। यह लत उन्हें कैसे लगी और उनका जीवन स्तर क्यों इसके लिए उन्हें मजबूर करता है, क्या इस नजरिये को दरकिनार किया जा सकता है। तीसरा और अंतिम सवाल यह है कि जहरीली शराब तो कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगों की जान ले रही है, जो अंग्रेजी शराब पश्चिम बंगाल, झारखंड और यूपी-हरियाणा से आ रही है, उसे लेकर नीतीश-तेजस्वी चुप क्यों हैं। इन सवालों के जवाब इतनी आसानी से भले ही न मिलें, लेकिन भारतीय समाज का ताना-बाना ऐसा है, जहां मरनेवाले के प्रति कभी कोई गलत बात नहीं की जाती।

नीतीश ने इस तरह का बयान देकर केवल असंवेदनशीलता का ही परिचय नहीं दिया है, बल्कि बिहार में लागू सरकारी प्रावधानों के विपरीत भी स्टैंड लिया है। आमतौर पर बिहार में किसी की आकस्मिक मौत होती है, तो राज्य सरकार उनके परिजनों को चार लाख रुपये सहायता राशि देती है। नीतीश सरकार के मुलाजिम इस नियम का पालन भी ठीक-ठाक तरीके से करते हैं। कोरोना से हुई मौत पर भी राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक पीड़ित परिवार को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। जहरीली शराब से मरनेवाले ज्यादातर लोग भी समाज के निचले तबके से आते हैं। ऐसे में विपक्षी पार्टियां लगातार इस बात की मांग करती हैं कि पीड़ित के परिजनों को राज्य सरकार मुआवजा दे। इस मांग के पीछे तर्क यह है कि चूंकि शराबबंदी कानून का पालन कराना पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी है और वह इस काम को ठीक से नहीं कर पाया। इसलिए राज्य सरकार को क्षतिपूर्ति करनी चाहिए। अगर प्रशासन से जुड़े लोग अपना काम ठीक से करते, तो लोगों की मौत नहीं होती।

लेकिन सवाल घूम-फिर कर वहीं आता है कि मौत चाहे जैसे भी हो, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है। कई बार तो घर के मुखिया की मौत के बाद परिवार ही उजड़ जाता है। लोग दाने-दाने को मोहताज हो जाते हैं। जो पीछे छूट गये, उनको इससे क्या मतलब कि मौत की वजह क्या रही। वह जहरीली शराब से हुई या फिर हादसे में, या फिर कोई और वजह से। मौत तो मौत है, परेशानी तो परेशानी है। सहायता राशि मिल जाने से कम से कम पत्नी-बच्चों को उम्मीद मिल जाती है। उनके लिए सहारा का काम करता है। आगे के जीवन को संभालने में मदद मिलती है। घर-परिवार की गाड़ी पटरी पर आ जाती है। मरनेवाले की कोई भरपाई तो नहीं होती, मगर जीवन धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ लेता है। मानवता के लिहाज से सरकार की ओर से यह सहायता राशि दी जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि शराब पीने से मरने वालों के परिजनों के साथ भेदभाव कितना जायज है। इसमें घरवालों का क्या कुसूर है। जो बच्चे अनाथ हो गये, आखिर इसमें उनका क्या दोष है। उनकी मौत को भी तो प्राकृतिक नहीं कहा जा सकता। अगर राज्य में जो चीज प्रतिबंधित है और चोरी-छिपे उपलब्ध है, तो इसमें मृतकों के परिजनों का क्या दोष है। अगर सरकारी सिस्टम ठीक से काम करता, तो शायद यह नौबत ही नहीं आती। जहरीली शराब पीकर मरनेवालों में ज्यातार गरीब तबके के होते हैं। उनके परिजनों की आगे की जिंदगी मुश्किलों से भर जाती है। सवाल उठता है कि सरकार की सैकड़ों योजनाएं गरीबों का जीवन स्तर सुधारने के लिए चलती हैं, तो परिजनों को मदद नहीं करना कितना जायज है।

घटना से तीन अहम सवाल पैदा होते हैं

समाजिक बहिष्कार के कारण घंटों दरवाजे पर पड़ा रहा शव

उपायुक्त ने बीडीओ को भेज कर करवाया अंतिम संस्कार

आफताब अंजुम

गुमला (आजाद सिपाही)। एक आदिवासी परिवार के मुखिया की मौत पर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने से पूरे गांव के लोगों ने इंकार कर दिया। मामला सामाजिक बहिष्कार का बताया जा रहा है। गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बरवे नगर पंचायत के मुंडा टोली में अलेक्सियूस खलखो का परिवार पिछले कई सालों से सामाजिक बहिष्कार की प्रताड़ना झेल रहा है। हद तो तब हो गई जब इस आदिवासी परिवार का मुखिया 80 वर्षीय बुजुर्ग अलेक्सियूस खलखो की मौत हो गई। और इसके अंतिम संस्कार में कंधा देने एक भी ग्रामीण नहीं पहुंचा। अब इस घर में पुरुष सदस्यों की संख्या सिर्फ दो थी। कंधा देने वालों के इंतजार में शव घर में पड़ा रहा। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग का शव अंतिम संस्कार के इंतजार में घर के आंगन में घंटों पड़ा रहा। ग्रामीणों ने उक्त परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर रखा है। इसकी सूचना परिजनों ने गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव को दी। सूचना मिलते ही उपायुक्त हरकत में आ गए। उन्होंने परिवार बालों का आधार कार्ड मंगवाया और तत्काल चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त व्यक्ति का अंतिम संस्कार कराया जाये। जिसके बाद चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, जिला बीस सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज को लेकर मुंडा टोली गांव पहुंचे और गांव के ग्रामीणों को समझाया।

गांव के किसी मामले में सहयोग नहीं करता था यह परिवार

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त परिवार ने गांव में कभी किसी मदद को आगे नहीं आता। गांव में हर कोई एक दूसरे का मदद करते हैं। जैसे खेती, शादी विवाह मरनी जीनी आदि में शरीक होने से लेकर किसी सामाजिक कार्य में आर्थिक चंदा तक नहीं देता था। इस कारण ग्रामीणों के द्वारा इसका अघोषित सामाजिक बहिष्कार किया गया था। बीडीओ श्री सिंह ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव का अंतिम संस्कार कराया।

जिला 20 सूत्री सदस्य ने मामले को संभाला

सुशील दीपक मिंज के समझाने के बाद गांव के ग्रामीण भी अंतिम संस्कार में आकर आये। श्री मिंज की आग्रह को ग्रामीण टाल नहीं सके। बीडीओ ने परिजनों को तत्काल आर्थिक मदद दी। परिजनों ने बताया कि हमारे परिवार के ज्यादातर सदस्य बाहर रहते हैं। जिसके कारण भी गांव के साथ हमारे समाजिक संबंध नहीं सुधर सके। मौके पर उप प्रमुख प्रमोद खलखो उपस्थित थे।

इडी ने एक और अवैध खनन से जुड़े केस को किया टेकओवर

रांची (आजाद सिपाही)। बरहरवा टोल केस के बाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध खनन से जुड़े एक और केस को टेकओवर किया है। पिछले महीने साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा के द्वारा अवैध खनन के मामले को लेकर एफआइआर दर्ज करायी गयी थी। उसे इडी ने टेक ओवर करते हुए मनी लाउंड्रिंग की जांच शुरू कर दी है। विजय हांसदा वर्तमान में जेल में बंद हैं। विजय हांसदा 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में इडी का गवाह रहा है। विजय ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने फर्जी केस में उसे फंसा कर जेल भेज दिया, इडी ने साहिबगंज मंडलकारा जाकर गवाह को प्रभावित करने से जुड़े मामले में विजय का बयान दर्ज किया था। मुफस्सिल थाना में विजय हांसदा की शिकायत पर इस मामले में पंकज मिश्रा, विष्णु यादव, पवित्र यादव, राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुभेश मंडल पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

रूबिका पहाड़िन हत्याकांड : एसआइटी ने 22 साक्ष्यों को जांच के लिए भेजा रांची

खून लगे मैनुल के कपड़े को माना जा रहा अहम, गिरफ्तारी के लिए एसआइटी ने बढ़ायी दबिश

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। रूबिका हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने अब तक 22 अहम साक्ष्य जुटाये हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच जब्त किये गये सभी साक्ष्यों को फोरेंसिक जांच के लिए सड़क मार्ग से एफएसएल रांची भेजा गया. इनमें मामले में अहम आरोपी दिलदार के मामा मैनुल हक मोमिन के फाजिल टोला स्थित घर से बरामद खून लगे गंजी व शर्ट को प्रमुख सबूत माना जा रहा है। एसआइटी सूत्रों की माने तो गंजी व शर्ट किसका है और उसपर लगे खून के धब्बे किसके हैं, यह साबित करना इस हत्याकांड में अहम होगा. इसलिए पुलिस अनुसंधान में फॉरेंसिक जांच पर खास फोकस है।

डीएनए और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट होगी अहम

बोरियो थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया कि आरोपी का खून से सना कपड़ा, गंजी, हत्या में प्रयोग किए गए हथियार, मृतका रूबिका पहाड़ीन के बाल, कपड़े, जैकेट, दुपट्टा सहित 22 साक्ष्यों को सील बंद कर एसआइटी में शामिल एएसआइ करूण कुमार राय फॉरेंसिक जांच के लिए रांची स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला ले गये हैं. फॉरेंसिक जांच से अनुसंधान में पुलिस को मदद मिलेगी। बरामद शव के टुकड़े रूबिका पहाड़िन के हैं, इसके लिए एसआइटी को डीएनए रिपोर्ट की जरूरत है। इस हत्याकांड में डीएनए टेस्ट एवं फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट अहम होगी। एसआइटी एक-एक कड़ी को जोड़कर जांच को आगे बढ़ा रही है। बरामद शव के टुकड़े के नमूने और रूबिका के पिता के खून के नमूने जांच के लिए एफएसएल भेज दिये गये हैं। 15 जनवरी तक डीएनए रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

इधर दिलदार के मामा मैनुल अंसारी की तलाश में एसआइटी ने छापेमारी तेज कर दिया है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि रूबिका हत्याकांड में कुछ कड़ियों को जोड़ने के लिए मैनुल अंसारी से पूछताछ बेहद जरूरी है. उसे ही इस घटना का मास्टर माइंड माना जा रहा है और वारदात के बाद से ही वह फरार है।

यूपी बिहार का काल्पनिक दुश्मन खड़ा करने से झारखंड का भला नहीं होगा : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की नियोजन नीति को लेकर जारी विवाद पर विधायक सरयू राय ने प्रतिक्रिया दी है। सरयू राय ने नियोजन नीति को लेकर कहा कि यूपी और बिहार का काल्पनिक दुश्मन खड़ा करने से काम नहीं चलेगा। संविधान सम्मत नियोजन नीति बनाने की बात करते हुए सरयू राय ने कहा कि विज्ञापन निकालिए और बहाली कीजिए। गौरतलब है कि हेमंत सरकार द्वारा बनाई गयी नियोजन नीति को झारखंड हाईकोर्ट ने असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। नियोजन नीति को लेकर झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र काफी हंगामेदार रहा नियोजन नीति पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई बार टकराव हुआ।

अभी तक हुई बहाली में कौन झारखंड का नहीं है बतायें

सरयू राय ने नियोजन नीति विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यूपी बिहार का काल्पनिक दुश्मन खड़ा करने और उस पर हवा में जुबानी प्रहार करने से झारखंड का भला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का भला होगा संविधानसम्मत नियोजन नीति बनाने से ताकि विज्ञापन निकले और बहाली हो । अभी तक हुई बहाली में कौन झारखंड का नहीं है, यह भी बताएं।

हेमंत सरकार की नियोजन नीति रद्द हो गयी थी

गौरतलब है कि फरवरी 2022 में झारखंड की मौजूदा हेमंत सरकार नई नियोजन नीति लायी थी। इस नियोजन नीति में तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति में केवल उन्हीं लोगों के लिए आवेदन करने की सुविधा दी गयी थी। जिन्होंने झारखंड से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास की हो। क्षेत्रीय भाषा की सूची से हिंदी को हटाकर उर्दू को शामिल किया गया था। झारखंड हाइकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। हाइकोर्ट ने कहा कि हेमंत सरकार की मौजूदा नियोजन नीति संविधान के अनुच्छेद-14 और 16 का खुला उल्लंघन है जो समानता की बात करता है। नियोजन नीति रद्द होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि हम छात्रहित में उच्चतम न्यायालय तक जायेंगे। नियोजन नीति रद्द होते ही विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया। भाजपा ने नियोजन नीति को फर्जी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग कर डाली।

सिमडेगा की 14 साल की नाबालिग युवती ने दिया बच्चे को जन्म

पैदल पहुंची थी अस्पताल, बच्चे का पिता गांव छोड़ कर हो गया फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। 14 साल की युवती पैदल चल कर अस्पताल पहुंची। युवती गर्भवती थी और खून की भी कमी थी। तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां नॉर्मल डिलीवरी से उसने बेटे को जन्म दिया। युवती और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

डरा कर बनाया संबंध, फिर हो गया फरार

घटना सिमडेगा के केशलपुर डोंगापानी गांव की है। गांव की रहने वाले जय राम नायक नाम के व्यक्ति ने युवती को डरा धमका कर उसके साथ संबंध स्थापित किया। युवती जब गर्भवती हो गयी तो युवक उसे छोड़ कर फरार हो गया। इससे पहले गांव में एक बैठक हुई, जिसमें युवक पर ग्रामीणों ने शादी का दबाव बनाया था। युवक गांव से फरार हो गया, जबकि परिजनों का कहना है कि वह कमाने दूसरे शहर गया है। युवती के माता पिता को जब पता चला कि बेटी गर्भवती हो गयी है, तो उन्होंने उसका स्कूल आना जाना भी बंद करा दिया और घर में ही युवती रहने लगी।

बीमार भाई को अस्पताल देखने पहुंची थी युवती

गर्भवती नाबालिग युवती अपने बीमार भाई को देखने अस्पताल गयी थी। युवती के भाई की तबीयत कुछ दिनों से खराब थी और वह अस्पताल में भर्ती था। युवती जब अस्पताल पहुंची तो अस्पताल में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी नर्स की नजर नाबालिग युवती पर पड़ी। उसे शक हुआ कि वह गर्भवती है और खून की भी कमी है। उसकी जांच करायी गयी तो खून की कमी की जानकारी मिली। उसे भर्ती कराया गया और खून चढ़ाया जाने लगा। इसी दौरान नाबालिग युवती को प्रसव पीड़ा हुई और नार्मल डिलीवरी से उसने बेटे को जन्म दिया।

बदनामी के डर से चुप रहे माता-पिता

घरवालों ने युवती के गर्भवती होने की जानकारी पुलिस में नहीं दी थी। इस मामले में माता- पिता बदनामी के डर से बात नहीं करना चाहते। किशोरी के मां बनने की जानकारी पुलिस और बाल कल्याण समिति को भी दी गयी। जानकारी मिलते ही बाल कल्याण समिति के सदस्य सदर अस्पताल पहुंचे।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.8 °C	13.8 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.10 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.28 बजे

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में आज से तीन दिनों तक लगेगा शिक्षाविदों का महाकुंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के 105वें वार्षिक सम्मेलन में 85 विशेषज्ञ बाटेंगे ज्ञान का खजाना

डीएसपीएमयू और रांची विवि ने की है संयुक्त तैयारी

आगंतुकों के स्वागत के लिए बिछा लाल कारपेट, शिक्षक से लेकर छात्र तक में है उत्साह



रांची। इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन के 105वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मंगलवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। यह सेमिनार डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और रांची विश्वविद्यालय के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन भारत का सबसे पुराना, सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित संगठन है। भारतीय आर्थिक परिषद् देश के आर्थिक नीति निर्माण में दसवीं पंचवर्षीय योजना तक विकास की प्रक्रिया को गति प्रदान करने में योजना के स्वरूप का निर्माण करता है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के आर्थिक विकास में आने वाले मुख्य व्यवधानों के ऊपर पूरे भारत और विदेश के अर्थशास्त्रियों से निराकरण के लिए शोध पत्र आमंत्रित करना है। इसी क्रम में इस संस्था का 105वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन को लेकर संस्था द्वारा पांच महत्वपूर्ण आर्थिक विषयों पर 500 से ज्यादा शोध पत्र विभिन्न अंकों में प्रकाशित किया गया है। इसका विवेचन, विश्लेषण और निरूपण अगले तीन दिनों तक भारत के 1000 अर्थशास्त्री करेंगे। वहीं 85 विशेषज्ञों को इसके लिए आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सदस्य एवं कीट एंड कीस यूनिवर्सिटी के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत करेंगे। वहीं प्रोफेसर एडीएन वाजपेयी इस सम्मेलन के अध्यक्ष होंगे। सेमिनार के सफल आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और रांची विवि के सभी शिक्षाविद और छात्र-छात्राएं तैयारी की सफलता में जुटे हैं। सेमिनार को लेकर यहां गजब का उल्लास देखा जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पारसनाथ में अतिक्रमण, पेड़ों की कटाई, पत्थरों के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने पत्र लिख कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख धार्मिक स्थल पारसनाथ में चल रहे भूमि के अतिक्रमण, पेड़ों की अवैध कटाई और पत्थर के अवैध उत्खनन सहित कई अन्य विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि धनबाद श्वेतांबर जैन संघ और कई अन्य श्वेतांबर जैन संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुझसे मिल कर एक ज्ञापन सौंपा है। वह इस पत्र के साथ संलग्न है, इसका अवलोकन किया जाये। पत्र में आगे उन्होंने कहा है कि आप अवगत हैं कि सम्मेद शिखर जी, पारसनाथ जो हमारे जैन समुदाय के 20 तीर्थकरों और अनंत संतों की मोक्षस्थली है और यह पवित्र भूमि जैन समाज के लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। पूरे विश्व के जैन समाज के लोगों की आस्था से भी जुड़ा हुआ है। उक्त ज्ञापन में जैन समाज के लोगों ने आग्रहपूर्वक कहा है कि यह पवित्र भूमि को पर्यटक स्थल घोषित नहीं किया जाये। यदि इसे पर्यटक स्थल घोषित किया जाता है तो इस पवित्र भूमि पर मांस-मदिरा की बिक्री शुरू हो जायेगी, जिससे इस पवित्र जैन धर्म तीर्थस्थली की पवित्रता भी भंग होगी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पर्वतराज की वंदना स्थल का अतिक्रमण, पेड़ों की अवैध कटाई, पत्थरों का अवैध उत्खनन भी हो रहा है। जैन समाज के धर्मावलंबियों की भावना और आस्था को देखते हुए इस पवित्र तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया जाये। साथ ही तीर्थस्थल की भूमि का अतिक्रमण, पेड़ों की अवैध कटाई, पत्थर के उत्खनन को प्रतिबंधित करने हेतु समुचित कार्रवाई की जाये।

मुख्यमंत्री सीटीसी, मुसाबनी में आइआरबी 1-5 के पासिंग आउट परेड में हुए शामिल

चुनौतियों से निपटने में सहायक होगा प्रशिक्षण: हेमंत

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु आरक्षियों की परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

प्रशिक्षु आरक्षियों ने अपने दायित्व एवं कर्तव्यों की इमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन की ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) में प्रशिक्षु आरक्षियों की हौसला अफजाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से आप नयी राह पर चलने को तैयार हैं। आप जिस क्षेत्र से जुड़ रहे हैं, वहां आपको तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना है। मुझे पूरी उम्मीद और विश्वास है कि आप ने जो यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसका बखूबी इस्तेमाल उन चुनौतियों से निपटने में करेंगे।

मुख्यमंत्री सीटीसी, मुसाबनी में आइआरबी 1-5 के पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। 2019-20 सत्र के आइआरबी 1 से 5 के 764 प्रशिक्षु आरक्षियों ने सीटीसी स्वास्पुर, मुसाबनी प्रशिक्षण संस्थान से अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। इस मौके पर उन्होंने आकर्षक परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रशिक्षु आरक्षियों ने देश और राज्य सेवा का संकल्प तथा अपने दायित्व एवं कर्तव्यों की पूरी ईमानदारी, निष्ठा, परिश्रम, हर्ष और नम्रता के साथ करने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को जिंदगी की नयी शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी।

बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह के हो रहे अपराध से निपटने की बड़ी चुनौती पुलिस के सामने है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण मिले, इस पर सरकार का विशेष जोर है, ताकि सामान्य अपराधों के साथ साइबर अपराध और आर्थिक अपराध से जुड़े अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब दे सकें। आपकी सेवा राज्य और जन-जन की सुरक्षा तथा विधि व्यवस्था के अलावा चुनाव समेत कई अन्य कार्यों में ली जाती है। ऐसे में आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से अंजाम दे सकें, इसमें आपका प्रशिक्षण काफी कारगर साबित होगा।

बेहतरीन ट्रेनिंग सेंटर बनाने की है योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांस्टेबल ट्रेनिंग सेंटर, मुसाबनी को जीवंत बनाये रखने की कार्य योजना अधिकारी तैयार करें। इसमें प्रशिक्षण के साथ अन्य क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल किये जाने की संभावनाओं को तलाशें, ताकि इसे देश के बेहतरीन प्रशिक्षण केंद्र के रूप में शामिल किया जा सके।

कार्यक्रम में हुए शामिल

इस अवसर पर घाटशिला विधायक राम दास सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजीपी नीरज सिन्हा, डीजीपी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, आइजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे, आइजी ऑपरेशन अमोल विणुकांत होमकर, पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त, पुलिस विभाग के पदाधिकारी, सीटीसी स्वासपुर मुसाबनी प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक, पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

परिवारवादी राजनीति सामंतवाद का दूसरा नाम है: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामंती सोच वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी राजनीति सामंतवाद का दूसरा नाम है। राज्य की सत्ता पर काबिज ठगबंधन के दल परिवारवादी सामंती सोच से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि अपनी नाकामियों, विफलताओं के साथ भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए मुख्यमंत्री जी अपने उल्टे-सीधे बयानों से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन को अपने परिवार की जागीर समझने वालों से बड़ा सामंत इस राज्य में कोई दूसरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज अगर झारखंड की जनता को जितनी भी सरकारी सुविधाएं मिल रही हैं उसका अधिकांश हिस्सा केंद्र सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि अच्छा होता मुख्यमंत्री जी अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब जनता को देते।

आजसू के अखिल झारखंड छात्र संघ रांची जिला कमेटी का हुआ गठन

राजकिशोर महतो बने रांची जिला अध्यक्ष

जमाल गद्दी एवं संतोष तांती कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ की रांची जिला कमेटी का गठन किया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह अखिल झारखंड छात्र संघ के राज्य प्रभारी प्रो. विनय भरत ने सूची जारी करते हुए कहा कि रांची जिला कमेटी में एक अध्यक्ष, दो कार्यकारी अध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, छह वरीय उपाध्यक्ष, एक महासचिव, छह सचिव, एक संगठन सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी तथा एक मीडिया सह प्रभारी बनाये गये हैं। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नयी जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर झारखंड को संवारने, युवाओं को सशक्त, शिक्षित, संगठित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा संगठन को मजबूत करने के अभियान को अंजाम तक पहुंचाना है। इस बाबत केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने जानकारी दी।

सूची इस प्रकार है

अध्यक्ष- राजकिशोर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष- जमाल गद्दी एवं संतोष तांती, महासचिव- कुंवर महतो, वरीय उपाध्यक्ष- रोशन सेठ, नवीन कुमार, भोला मुंडा, दीपक कुमार महतो, रोहित आलम एवं नीतीश कुमार महतो, उपाध्यक्ष- अनिल तिर्की, कुमार लोकेश, महावीर महतो, बसंत मंडल, नितेश कुमार एवं जगत पाल, सचिव- राजेंद्र उरांव, फलींद्र ठाकुर, कौशल कुमार, नितिश कुमार महतो, अनिल कुमार शर्मा एवं श्याम मुंडा, संगठन सचिव- दीपक कुमार साहू, कोषाध्यक्ष- साहावीर महली, मीडिया प्रभारी- मदन महतो, मीडिया सह प्रभारी - विकास कुमार।

एक्वा वर्ल्ड में सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवाल-2023 का उद्घाटन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक्वा वर्ल्ड, मछलीघर के द्वारा आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवाल 2023 का उद्घाटन मंगलवार यानी 27 दिसंबर को 11:30 बजे होगा। इसका उद्घाटन समाजसेवी तारा झा एवं समाजसेवी इंदु देवी करेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय एवं चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिंद्र सिंह, मोहित, स्वप्निल मिश्रा आदि उपस्थित रहेंगे।

एक्वा वर्ल्ड के निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया पहले दिन से ही कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी। बेस्ट कपल कंपटीशन, गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता, 15 वर्ष से ऊपर के लड़कियों और लड़कों के लिए डांस प्रतियोगिता और बॉलीवुड के गानों पर बोन फायर डांस मुख्य आकर्षण रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हैं अपना मार्ट, जबकि इसे पावर किया है बैजूस और अल्ट्राटेक ने। प्रेमसंस होंडा, बालाजी किंगर ग्रुप, सैमसंग मोबाइल, कश्मीर वस्त्रालय, एक्वा सॉफ्ट, घड़ी, इंडियन बैंक, जेआरजी बैंक, ओसम डेयरी, फर्स्टक्राइ, जेरीलैंड, मुरली वाला डेकोरेशन, फिरायालाल नेक्स्ट, सुधा मोटर्स, अद्रासृजन, नैक्सस होम आदि सह आयोजकों में प्रमुख हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कठिन परिश्रम-प्रयास से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

वृष नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

मिथुन आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे।

कर्क धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

सिंह क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

कन्या नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

तुला परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

वृश्चिक संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

धनु इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

मकर आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

कुंभ दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयास से आवश्यक काम पूरा होगा।

मीन आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का निर्देश

जल्द प्रखंड कमेटी की बैठक कर सूची का सत्यापन करें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने प्रखंड अध्यक्षों से यथाशीघ्र प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत करने का निर्देश दिया है। उक्त होने वाली बैठक में नवगठित प्रखंड एवं मंडल कांग्रेस कमेटी की सूची का प्रत्यक्ष सत्यापन, प्रखंड कांग्रेस कार्यालय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा होगी। डॉ राकेश किरण महतो ने प्रखंड अध्यक्षों से आग्रह किया है कि प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक की तिथि एवं स्थान की सूचना जल्द से जल्द रांची जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय को उपलब्ध करवायें ताकि पर्यवेक्षक को उक्त बैठक में भेजा जा सके। डॉ महतो ने बताया कि रांची जिला कांग्रेस कमेटी का भी विस्तार जल्द किया जायेगा। इसके लिए इच्छुक कांग्रेसजनों से 31 दिसंबर तक अपने जीवन वृत के साथ विहित-प्रपत्र में आवेदन समर्पित करने को कहा गया है। इसके बाद उनका स्क्रीनिंग कर पदाधिकारियों के मनोनयन की प्रक्रिया होगी।

स्वामी विवेकानंद की विचारधारा को धूमिल कर रहे रामकृष्ण मिशन के अनुयायी: विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

वैदिक मंत्रों के साथ ईसा मसीह की आराधना करके विवेकानंद के आदर्शों को धूमिल करने की कुचेष्टा की गयी

रांची। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हिंदू महर्षियों द्वारा सैकड़ों शताब्दियों से स्थापित आदर्शों तथा विशाल और गौरवपूर्ण परंपरा के महत्व को जनसाधारण तक पहुंचाने का उद्देश्य लेकर 1887 ई में रामकृष्ण परमहंस के परम शिष्य स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदांत दर्शन का प्रचार प्रसार है। रामकृष्ण मिशन दूसरों की सेवा और परोपकार को कर्म योग मानता है, जो हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। डॉ साहू ने कहा कि 1893 ई में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में धर्म संसद में भाग लेकर पाश्चात्य जगत को भारतीय संस्कृति और दर्शन से अवगत कराया था। धर्म संसद में स्वामी जी ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। यह कहते हुए हिंदू सांस्कृतिक चिंतन की महत्ता को सर्वमान्य करने पर बल दिया था। उन्होंने भौतिकवाद एवं अध्यात्मवाद के मध्य संतुलन बनाने की बात कही थी। परंतु रामकृष्ण मिशन, रांची इकाई द्वारा 25 दिसंबर 2022 को वैदिक मंत्रों के साथ ईसा मसीह की आराधना करके स्वामी विवेकानंद की विचारधारा को धूमिल करने की कुचेष्टा की गयी है। रामकृष्ण मिशन के अनुयायियों द्वारा इस प्रकार का भ्रामक कार्यक्रम आयोजन करके समाज को गलत दिशा की ओर ले जाने की कोशिश हो रही है, जिसका विश्व हिंदू परिषद कड़ी निंदा करती है।

खादी बोर्ड के सीइओ ने महोत्सव को लेकर इनफ्लुएंसर मीट की

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2022-23 की तैयारियां अब अंतिम चरण में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मोराबादी मैदान में होने जा रहा है वर्ष का सबसे बड़ा महोत्सव, जिसे लेकर कारीगर दिन-रात साज सज्जा में जुटे हैं और यह तैयारी अब अंतिम चरण में आ पहुंची है। 28 दिसंबर को लगने वाले राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का परिसर अब धीरे-धीरे गुलजार लगने लगा है। जिस तरह की तैयारियां मैदान में देखने को मिल रही हैं उतनी ही तैयारियां झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोउद्योग बोर्ड के ऑफिस में भी देखी जा सकती हैं। 28 दिसंबर 2022 को इस महोत्सव का उद्घाटन समारोह है और राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन द्वारा इसका उद्घाटन किया जाना है। इसे लेकर विभाग द्वारा विभिन्न तरह की तैयारियां की जा रही हैं।

फैशन डिजाइनर भी रहे शामिल

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें, इसे लेकर खादी बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट की। यह वो इनफ्लुएंसर है, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर अच्छे फैन फॉलोइंग रखते हैं और उनके वीडियोस के लाइक लाखों में होते हैं। श्री बेसरा ने मीटिंग के दौरान महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोग कैसे जुड़ेंगे, इस पर इन सभी से राय मांगी। मीटिंग के दौरान सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और फैशन डिजाइनर ने अपनी-अपनी राय दी और कहा कि हमारे सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हम समय-समय पर पोस्ट किया करेंगे, ताकि ज्यादा संख्या में लोगों तक जानकारी पहुंचे और वे राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में शिरकत कर पायें।

उत्तर रेलवे
G20 भारत 2023 INDIA
ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रण
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद–244001 द्वारा संभरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा	बयाना राशि	अनुमानित मूल्य ₹	निविदा खुलने की तिथि
97226092	RDSO के अुसार पोर्टेबल D.C. वेल्डिंग जेनरेटर सेट विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम/20, दिनांक 19.11.1992 या समान।	15 संख्या	₹70450/-	35,22,300/-	25.01.2023

निविदा शर्तें: पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक विक्रेताओं को ई–टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण–पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
पत्र सं.: 13/वरि० मं० सा० प्र०/2022 दिनांक: 26.12.2022 3436/22
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
04

रिम्स में तैनात सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन को हटाने की तैयारी

कर्मियों ने सीएम को लिखा पत्र, कहा- धमकी देते हैं चिकित्सा उपाधीक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन की सेवा समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर मामले में हस्तक्षेप करने का मांग की है। गौरतलब है कि सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से पिछले 22 सालों से रिम्स की सुरक्षा और मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं। सुरक्षाकर्मियों की सेवा समाप्त कर अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेवारी होमगार्ड को सौंपने की तैयारी है,तो वहीं ट्रॉली मैन का काम करने के लिए रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी के रिश्तेदार की एक आउटसोर्सिंग एजेंसी को जिम्मेवारी देने की भी तैयारी है। सुरक्षाकर्मियों ने आरोप लगाया है कि अपने रिश्तेदार की कंपनी को फायदा पहुंचाने का काम चिकित्सा उपाधीक्षक कर रहे हैं। उनके द्वारा कई दिनों से सभी को धमकी भी दी जा रही है।

सुरक्षाकर्मियों ने सीएम को लिखे गये पत्र में उल्लेख किया है कि हम सभी लोग स्थानीय मूल निवासी हैं। 378 सुरक्षा गार्ड और ट्रॉली मैन को बेरोजगार कर दिया गया, तो हम अपने हक के लिए भूख हड़ताल करेंगे। जरूरत पड़ी तो अपने प्राणों की आहूति भी देंगे।

कोरोना काल में सेवा देने वालों के साथ न्याय करें सीएम

सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि कोरोना काल में अपने प्राणों को खतरे में रख कर मरीजों की सेवा करने वालों के साथ न्याय करें। महामारी के दौरान पांच सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन की जान चली गयी, लेकिन मानवता के नाते भी प्रबंधन के द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया। ना ही सरकार की तरफ से मुआवजा मिला है।

सीएम के सुरक्षा प्रभारी को इडी भेजेगा दूसरा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अवैध खनन के आरोपी प्रेम प्रकाश के अंगरक्षक के रूप में दो पुलिसकर्मियों की तैनाती को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सीएम के सुरक्षा प्रभारी को दूसरा समन भेजेगा। सीएम सुरक्षा अधिकारी को यह बताना होगा कि पुलिसकर्मियों की प्रेम प्रकाश के यहां तैनाती का आदेश किसने दिया। इससे पहले 18 अक्टूबर को इडी ने विशेष शाखा के एसपी (सुरक्षा) को यह बताने के लिए तलब किया था कि प्रेम प्रकाश के अंगरक्षक के रूप में सीएम सुरक्षा के दो पुलिसकर्मी कैसे ड्यूटी कर रहे थे। एसपी (सुरक्षा) ने दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया और जवाब दिया कि इस मामले

का सीएम सुरक्षा और सुरक्षा प्रभारी से कोई लेना-देना नहीं है, इसलिए विवाद से दूरी बनाये रखी। लेकिन इडी ने इसे झारखंड पुलिस की बहानेबाजी के रूप में लिया है, क्योंकि पूछताछ के दौरान दोनों कांस्टेबल मुकेश कुमार और श्यामल होरो ने स्वीकार किया है कि उन्हें सीएम सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। 24 अगस्त को छापेमारी के दौरान रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में प्रेम प्रकाश के किराये के मकान से दो एके 47 रायफल बरामद की गयी थी। ये दोनों हथियार कांस्टेबल मुकेश कुमार और श्यामल होरो को जारी किये गये थे। इडी ने दावा किया कि उन्हें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा में तैनात किया गया था, लेकिन वे एक वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर प्रेम प्रकाश के लिए ड्यूटी कर रहे थे।

इडी जानना चाहता है किसने दिया आदेश

पहला समन अक्टूबर में भेजा गया था और इडी को बताया गया था कि यह मामला सीएम सुरक्षा और प्रभारी सीएम सुरक्षा से संबंधित नहीं है। इसलिए सीएम (सुरक्षा) विशेष शाखा इसका जवाब देने के लिए सही विभाग नहीं है। लेकिन जांच से पता चला है कि ये पुलिसकर्मी वास्तव में सीएम की सुरक्षा के लिए तैनात किये गये थे। उन्हें प्रेम प्रकाश की सेवा करने का आदेश किसने दिया, यह जानना बेहद जरूरी है। पूरा तथ्य जानने के लिए एक नया नोटिस भेजा जायेगा। चार्जशीट में इडी ने कहा है कि प्रेम प्रकाश इतने प्रभावशाली थे कि उन्हें अनाधिकृत रूप से दो पुलिसकर्मियों को सीएम सुरक्षा से बाहर कर दिया गया था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने अवैध गतिविधियों के लिए किया था।

सीपीआइ ने स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपना 98 वां स्थापना दिवस मनाया। सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक रांची स्थित सीपीआइ की राज्य कार्यालय में वरिष्ठ नेता प्रताप मलिक की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम जेपी झा के द्वारा झंडोत्तोलन कर शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समारोह की शुरूआत की गयी। वहीं राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में हुई थी। आने वाले दिन में पार्टी को मजबूत बनाने 2024 के लोकसभा और विधानसभा की चुनाव में मुस्तैदी से चुनाव लड़ने और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेकर गांव-गांव में पार्टी को मजबूत बनाया जायेगा। बाबूलाल झा के द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी के लंबे संघर्ष की इतिहास की गाथा को संछिप्त रूप

स्थापना दिवस पर इप्टा कलाकारों ने दी क्रांतिकारी गीत की प्रस्तुति

में बताया। इस अवसर पर आरपी चौधरी, एके रसीदी, अजय कुमार सिंह, सहित कई लोगों ने संबोधित किया। स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने उषा श्रीवास्तव, जीपी झा, प्रभात कुमार मल्लिक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में इप्टा टीम के श्यामल मलिक, मलिक, सुमेधा मलिक ने क्रांतिकारी गीत की प्रस्तुति दी। समारोह में लाल देव सिंह, सूबेदार राम, सच्चिदानंद मिश्रा, इसाक अंसारी, हसीब अंसारी, मतियस उरांव, शिव नारायण सिंह, जितेंद्र मलिक, बलराम साहू, शुभा, सुनील सिंह, जयंत पांडेय, उमा देवी, उषा श्रीवास्तव, राजेंद्र रविदास, डीएन झा, राधा कांत झा, डॉ आरपी चौधरी सहित कई अन्य मौजूद थे।

प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर में 250 मरीजों का हुआ इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से मारवाड़ी भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर के दूसरे दिन 250 मरीजों ने घुटने का दर्द, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी डायबिटीज तथा अन्य रोगों का इलाज डॉ छैल बिहारी शर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया। उन्होंने कहा कि हताश, निराश, असहाय वर्षों से बीमार दवाइयां खा-खा कर परेशान उम्र भर तिल-तिल मरने को मजबूर, जो मान बैठे हैं कि मैं कभी ठीक नहीं हो सकता। ऐसे असफल लोगों को आशा एवं चिकित्सा की किरण बने उनके जीवन में उत्साह उमंग एवं स्वास्थ्य प्रदान प्राकृतिक चिकित्सा शिविर कर रही है। उन्होंने लोगों से रहन-सहन, खान-पान, आहार-विहार, आचार विचार पर विशेष ख्याल रखने की बात कही। दूसरे दिन प्राकृतिक चिकित्सा शिविर से लोगों को उपचार से बड़ी राहत महसूस हो रहा है। कार्यक्रम में-मारवाड़ी सहायक समिति अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, भरत बगड़िया, अजय बजाज, आकाश अग्रवाल, मनोज चौधरी, प्रदीप राजगढ़िया, अशोक लाठ, मनीष लोधा, अनिल अग्रवाल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास कुमार अग्रवाल, रोहित पोद्दार, प्रवीण लोहिया, सौरव बजाज, राजेश कौशिक, आदि के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी है।

एचइसी को बचाने की मुहिम में उतरे स्थानीय व्यवसायी और रैयत

गोल चक्कर से लेकर मुख्यालय गेट तक रैली निकाल फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की पहचान एचइसी को बचाने की मुहिम पिछले कई महीनों से जारी है। यहां काम करने वाले कर्मचारी और पदाधिकारी तो यह लड़ाई सह ही रहे हैं। अब इसे बचाने की मुहिम में इस क्षेत्र में रहने वाले व्यवसायी, स्थानीय और रैयत भी उतर गये हैं। सोमवार को एचइसी के कर्मचारी और पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में स्थानीय व्यवसायी और ग्रामीण गोल चक्कर से लेकर मुख्यालय गेट तक रैली निकाली। मुख्यालय गेट के सामने एचइसी के निदेशक एमके सक्सेना की विदाई पर कर्मचारियों ने आक्रोश जाहिर करते हुए पुतला दहन किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने कहा कि

पिछले दो महीने से यहां के इंजीनियर सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कारखाने और मंत्रालय में बैठे अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। कर्मचारियों ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार और भारी उद्योग मंत्रालय से बार-बार अपने प्रदर्शन के माध्यम से हक के वेतन की मांग कर रहे हैं। सरकार यदि हमारे हक के वेतन की मांग को जल्द से जल्द नहीं मानती है तो आने वाले समय में सभी कर्मचारी अपने प्रदर्शन को और भी उग्र करेंगे। कर्मचारियों के समर्थन में आये लोगों ने कहा कि कर्मचारियों के इस प्रदर्शन में उनका समर्थन है और कारखाने को बचाने के लिए आने वाले समय में भी इसी प्रकार समर्थन रहेगा। बता दें कि सांसद संजय सेठ की तरफ से कुछ दिन पहले भारी उद्योग मंत्रालय में भी चर्चा की गयी थी, जिसके बाद भारी उद्योग मंत्रालय से आश्वासन मिला था कि जाने वाले समय में एचइसी के जीर्णोद्धार पर विचार किया जायेगा।

झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का 29 सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने रांची के दरभंगा हाउस के समक्ष धरना दिया। 29 सूत्री मांगों को लेकर यूनियन ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष फागु बेसरा ने कहा कि गरीब की जमीन ली गयी है, तो उन्हें नौकरी देनी होगी।15 जनवरी तक मजदूरों की बात नहीं सुनी गयी तो पूरे राज्य में चक्का जाम किया जायेगा। मजदूरों के हक और अधिकार की बातें नहीं सुनी गयीं तो पूरे राज्य के कोयला मजदूर हड़ताल पर जायेंगे।

केंद्र सरकार रैयतों के साथ कर रही मनमानी

बेसरा ने कहा, जीएम लैंड भूमि को चिह्नित कर सत्यापित किया जाये। इसके लिए कैंप लगाया जाये, ताकि काम जल्द पूरा हो सके। सीसीएल प्रबंधन की ओर से लोगों को पानी बिजली, शिक्षा की सुविधा मुहैया नहीं करायी जा रही है। इसे जल्द से जल्द दिया जाये। जोनल संगठन सचिव आरएन सिंह ने कहा कि कोयले की ढुलाई भारी वाहनों से होती है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरने वाले भारी वाहनों को रोका जाये। कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों के लिए बाहर से सड़क का निर्माण किया जाये। झारखंड सरकार की नियमावली के तहत विस्थापितों को नौकरी में वरीयता दी जाये। साथ ही बंद पड़ी कोल परियोजनाओं को फिर से चालू किया जाये।

नवर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नये वर्ष को लेकर राजधानी रांची में पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके मद्देनजर दो हजार जवानों की तैनाती की गयी है।

रांची में जोन्हा फॉल, दशम फॉल, टैगोर हिल, रॉक गार्डन, हुंडरू वॉटरफॉल, जगन्नाथ मंदिर, बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, पहाड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, फन कैसल, रामदयाल मुंडा पार्क, देवड़ी मंदिर, कांके डैम, डियर पार्क, नक्षत्र वन,

बरियातू पहाड़ सहित अन्य स्थानों पर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

वाटर फॉल वाले स्थानों पर एनडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर की तैनाती की गयी है। साथ ही डेंजर जोन को लाल फीते से घेरने का आदेश दिया गया है। शहर के सभी पार्क और मंदिरों में शक्ति कमांडो को पैनी नजर रखने को कहा गया है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को नववर्ष को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी को अपने-अपने इलाके के पार्क, मंदिर और पिकनिक स्पॉट पर पैनी नजर रखने को कहा गया है।

नशे में वाहन चलाने वाले, पी-खाकर हुड़दंग मचाने वाले, छेड़खानी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस लगातार ब्रेथ एनालाइजर से चिह्नित स्थानों पर जांच कर रही है।

एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि नववर्ष को लेकर सभी पिकनिक स्पॉट, पार्क और मंदिरों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।

राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में झारखंड ने चार पदक जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में झारखंड को 4 पदक हासिल हुआ। तीसरी राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अंधेरी स्पोर्ट्स कंपलेक्स मुंबई महाराष्ट्र में 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक आयोजन किया गया था। वहीं 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक योगा वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों से करीब 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन प्रतिभागियों का चयन किया। झारखंड के 6 प्रतिभागियों का चयन हुआ था। इसमें 4 प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त हुआ। पदक जीतने वालों में सब जूनियर बॉयज में अभ्रदीप दत्ता, पीयूष दत्ता ने आर्टिस्टिक प्लेयर में रजत पदक तथा जूनियर बॉयज में अभिषेक चौधरी, राहुल महतो आर्टिस्टिक प्लेयर में कांस्य पदक हासिल किया। जूनियर गर्ल्स में आशा रानी, दिव्या माजी को आर्टिस्टिक प्लेयर में चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड के नंद दुलाल दत्ता ने चीफ जज की भूमिका में थे।

एनएमसीजी की कार्यकारी समिति ने दी मंजूरी, दामोदर सफाई की योजना को भी मंजूरी

गंगा बेसिन में सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर पर होंगे 2700 करोड़ रुपये खर्च

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की कार्यकारी समिति की 46वीं बैठक महानिदेशक जी अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में स्वीकृत 12 परियोजनाओं के सीवरेज और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2700 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृति दी गयी।

इस बैठक में झारखंड में धनबाद की एक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी गयी। इस परियोजना में कुल 192 एमएलडी क्षमता (18+21+75+60+18) के 5 एसटीपी का निर्माण, इंटरसेप्शन और डायवर्जन और अन्य कार्य शामिल हैं। जिसकी अनुमानित लागत 808.33 करोड़ रुपये है।

यह परियोजना गंगा नदी की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी दामोदर नदी में प्रदूषण कम करने के लिए है। इसका उद्देश्य कस्बे से दामोदर में गिरने वाले सभी नालों का दोहन करना है, जो अप्रत्यक्ष रूप से गंगा नदी को प्रदूषित करते हैं। इस परियोजना की स्वीकृति के साथ ही झारखंड में दामोदर नदी में प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक सभी परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गयी है।

पश्चिम बंगाल में, कोलकाता में गंगा नदी, गंगा की सहायक नदी के कायाकल्प के लिए एक बड़ी परियोजना को 653.67 रुपये की अनुमानित लागत से मंजूरी दी गयी थी। जिसमें 10 मिलियन लीटर प्रति दिन तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शामिल है। वहीं, उत्तर प्रदेश में 3 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। जिनमें से एक परियोजना प्रयागराज में सीवरेज बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित है। जिसकी लागत 475.19 करोड़ रुपये है। गोमती नदी के लिए लोनियापुरवा, लखनऊ में और हाथरस शहर में सेंगर और कारवां नदियों के लिए एसटीपी निर्माण की योजना है। बिहार में, दाउदनगर और मोतिहारी कस्बों के लिए एक परियोजना अनुमोदित की गयी है। इन पर अनुमानित लागत क्रमशः 42.25 और 149.15 करोड़ है।

'कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र के संरक्षण और आर्थिक विकास के साथ-साथ एथनोबोटैनिकल उद्देश्यों के लिए गंगा नदी के किनारों के पास पुष्प विविधता का वैज्ञानिक अन्वेषण' नामक एक अन्य परियोजना को सभी पांच राज्यों के लिए बैठक में अनुमोदित किया गया था। परियोजना पतंजलि अनुसंधान संस्थान और पतंजलि जैविक अनुसंधान संस्थान, हरिद्वार, उत्तराखंड के सहयोग से कार्यान्वित की जायेगी। परियोजनाओं में प्लांट बायोडायवर्सिटी एक्सप्लोरेशन सहित तीन घटक हैं।

बैठक में हिमांशु बडोनी, कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं), एनएमसीजी, डीपी मथुरिया, कार्यकारी निदेशक (वित्त), एसपी वशिष्ठ, कार्यकारी निदेशक, (प्रशासन), भास्कर दासगुप्ता, कार्यकारी निदेशक (वित्त), ऋचा मिश्रा, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग के अलावा नदी विकास और गंगा संरक्षण, जल शक्ति मंत्रालय, राज्यों के प्रतिनिधि और एनएमसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

नशे में धुत युवक-युवतियों ने सड़क पर किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रविवार देर रात प्लाजा चौक के पास जम कर हंगामा हुआ। रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित प्लाजा चौक पर नशे की हालत में युवक और युवतियों ने काफी देर तक बवाल काटा। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक और युवतियां हो-हंगामा करते दिख रहे हैं। हंगामे की वजह से थोड़ी देर अफरा- तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि बवाल करने वाले युवा प्लाजा चौक स्थित विडोरा बार एंड लाउंज से शराब पीकर निकले थे। नशे की हालत में ही युवक और युवतियों का आपस में

विडोरा बार का वीडियो हुआ वायरल, भेजा गया लीगल नोटिस

किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नशे में धुत लड़के-लड़कियों ने सड़क पर ही हंगामा शुरू कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार ने अपने क्लाइंट सुनील सिंह की ओर से जिला प्रशासन, उत्पाद विभाग और विडोरा रूफटॉप लाउंज को एक बार फिर रिमाइंडर लीगल नोटिस भेजा है। लीगल नोटिस में कहा गया है कि शहर में बिना नियमों का पालन किये कई रूफ टॉप बार और लाउंज संचालित किये जा रहे हैं।

कोयला ढुलाई में वर्चस्व की लड़ाईः खूनी रणक्षेत्र बना कुजू रेलवे साइडिंग

झामुमो नेता विनोद किस्कू और कुजू निवासी विनोद पहाड़ी हुए आमने-सामने, जम कर मारपीट

- साइडिंग में रैक खाली कराने को लेकर विनोद पहाड़ी और विनोद किस्कू गुट में हुई हिंसक झड़प
- कुजू ओपी में मामला दर्ज, बिनोद पहाड़ी को भेजा न्यायिक हिरासत

आजाद सिपाह संवाददाता

कुजू। कुजू रेलवे स्टेशन के निकट बने रेलवे साइडिंग में रैक खाली कराने में अपनी दबंगई और वर्चस्व स्थापित करने को लेकर रामगढ़ झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू और कुजू निवासी विनोद पहाड़ी सहित उनके समर्थक आपस में भिड़ गए। घटना रविवार की देर संध्या लगभग 10 बजे की है, जहां दोनों गुट के लोगों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे बरसाए। इसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। वही, लोगों के पथराव से दो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। साथ ही, झामुमो जिलाध्यक्ष के अंगरक्षक भी घटना में घायल हो गए। इस संबंध में दोनों गुट द्वारा कुजू ओपी में मामला दर्ज कराया गया है। वही, पुलिस ने एक गुट के मुख्य आरोपी विनोद कुमार पहाड़ी को पकड़कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। इधर, घटना के कारण ठप पड़े साइडिंग कार्य को रेलवे पुलिस की पहल पर चालू करा दिया गया। वही, साइडिंग से फैक्ट्री के लिए जाने वाली कोयला ढुलाई कार्य बाधित है।

दोनों गुटों ने एक दूसरे के खिलाफ ओपी में कराया मामला दर्ज

कुजू ओपी में दोनों गुटों द्वारा आवेदन देकर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। विनोद किस्कू की ओर से बलदेव मुर्मू ने विनोद कुमार उर्फ पहाड़ी, नरसिंह कुमार उर्फ नरेश, अमृत कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार, अर्जुन मेहता, संजय मंडल, राजन ठाकुर, दासो साव, छवि भुइयां, बादल कुमार, अब्दुल उर्फ बुल्लू समेत अन्य पर जान से मारने की नियत से हमला करने की बात कही गई है। वही, विनोद कुमार पहाड़ी ने झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, गुलाम नवी, नरेश हांसदा, रामू किस्कू, दीपक किस्कु, रमेश किस्कु, सुनील कुमार, राजकुमार, बालदेव मुर्मू, जगन्नाथ मांझी, राजकुमार मांझी, निलेश राम सहित अन्य लोगों के खिलाफ रंगदारी मांगने, साइडिंग का कार्य को बाधित करने सहित छिनतई करने का आरोप लगाया है। इस मामले में विनोद पहाड़ी को कुजू पुलिस ने पकड़ कर रामगढ़ न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

क्या है मामला

बताया जाता है कि 15 माइल स्थित नरसिम्हा आयरन फैक्ट्री के लिए कुजू रेलवे साइडिंग में रेलवे रैक द्वारा कोयला मंगाया गया है। जिसे अनलोड कराकर फैक्ट्री पहुंचाने का जिम्मा कुजू निवासी विनोद पहाड़ी को फैक्ट्री प्रबंधन ने सौंपा था। वही, इस फैक्ट्री के लिए पूर्व में अनलोडिंग कार्य करा रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू अपने समर्थकों के साथ रेलवे साइडिंग पहुंचकर रैक खाली करने का दावा करने लगे। जिसके पश्चात रैक से कोयला डंपर पर लदते ही दोनों गुट अपना वर्चस्व दिखाते हुए हो हल्ला कर आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थकों ने अपने-अपने मुखिया के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्य मुखिया के आमने सामने आते ही बवाल और बढ़ गया। दोनों की नोकझोंक मारपीट में तब्दील हो गई। इस दौरान जमकर दोनों गुट ने एक दूसरे पर लाठी डंडे बरसाए। जिसके बाद विनोद किस्कू के नेतृत्व में दूसरे गुट के लोगों को समर्थकों ने खदेड़ दिया। जिस पर विनोद पहाड़ी गुट के समर्थक उग्र हो गए और विरोध करते हुए पथराव कर दिया। जिसके बाद विनोद किस्कू समर्थक भाग खड़े हुए। घटना में पथराव से जेएच 01ईएन - 1650 और जेएच 01ईपी-1650 क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही, विनोद किस्कू का सरकारी अंगरक्षक उत्तम कुमार सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया। वही, जगन्नाथ करमाली, राजकुमार मांझी, बलदेव मुर्मू, नितेश करमाली भी चोटिल हैं। वही, विनोद पहाड़ी के समर्थक नरेश प्रसाद, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार,छवि कुमार और पंकज कुमार के अलावे दोनों गुटों के कई लोग घायल हो गये। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने विनोद किस्कू गुट पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

वर्चस्व और रंगदारी को लेकर पहले भी हुई है साइडिंग में घटनाएं

कुजू रेलवे स्टेशन बनने से पूर्व से ही कुजू में संचालित रेलवे साइडिंग में वर्चस्व और रंगदारी को लेकर अब तक कई घटनाएं हो चुकी हैं। नवंबर 2012 में प्रारंभ हुई रेलवे साइडिंग में स्थानीय लोगों और लिफ्टर के बीच रंगदारी को लेकर पहली घटना हुई। जिसके बाद प्रदूषण के नाम पर रंगदारी वसूलने के लिए स्थानीय लोगों ने कई बार साइडिंग में बंदी और झड़प की। 2016 में स्टेशन बनने के पश्चात पहली बार अनलोडिंग के लिए आए स्पंज आयरन को खाली करने के लिए स्थानीय ग्रामीण के दो गुट आपस में भिड़े थे। जिसके बाद अब तक कई बार वर्चस्व को लेकर ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं। वहीं, उग्रवादियों ने भी स्टेशन पर पर्चा और बैनर चिपका कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। ऐसे में अगर प्रशासन सचेत नहीं होती है तो आने वाले समय में किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू रोड के रामेश्वरम गली स्थित शिवगंगा अपार्टमेंट में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अपार्टमेंट के लोगों ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में डीएसपी विकास और विजय विजेता रहे और उप विजय ऋषि और सुबरता रहे। वहीं जूनियर वर्ग में अनुभव और अर्शी विजेता रहे। उप विजेता अन्ना आदर्श और अनुराग रहे। प्रतियोगिता में बच्चों और बड़ों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं इस प्रतियोगिता को सोसाइटी में रहने वालों ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव मोहन कुमार ने कहा कि हमारी सोसाइटी एक महापरिवार की तरह है। यहां महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी जो भी त्योहार हो या खेल सभी इसमें भाग लेते है और जो भाग नही लेते हैं, वे सभी का उत्साह बढ़ाते हैं। यहां क्रिकेट, बैडमिंटन, योग के साथ डांस, फैशन शो सभी तरह के कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। प्रतियोगिता के बाद क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस गैदरिंग का भी आयोजन किया गया। जहां छोटे-छोटे बच्चो को संता ने गिफ्ट दिया। साथ ही केक भी खिलाया।

गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसइ) में भाग लेने के लिए पांच दिन शेष

रांची (आजाद सिपाही)। भविष्य का डोर वर्तमान के हाथों में होता है। इसलिए सुनहरे भविष्य का सपना देख रहे प्रत्येक छात्र के लिए वर्तमान को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना अति आवश्यक हो जाता है। छात्रों को सुनहरे भविष्य का राह दिखाने के लिए प्रत्येक वर्ष अवसर लेकर आता है गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसइ)। 6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे साईंस के क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए पूर्वी भारत का नं- 1 इंस्टीट्यूट गोल के द्वारा गोल टैलेंट सर्च परीक्षा कराई जाती है। इस परीक्षा में बिहार, झारखण्ड, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ के हजारों छात्र भाग लेते हैं। इस परीक्षा में टॉप रैंकर्स को लैपटॉप, टैब एवं कई अन्य पुरस्कारों के साथ सम्मानित किया जाता है जो छात्रों के उत्साह को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्य परीक्षा में शामिल सभी छात्रों को मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर उनके मेधा को सम्मानित किया जाता है। छात्रों को उनके स्कोर के आधार पर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशीप भी दी जाती है। गोल इन्स्टीट्यूट की ज्वाईंट डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह के अनुसार नए युग में उपलब्ध विविध कैरियर विकल्पों में साइंस से जुड़े क्षेत्रों में चिकित्सा विज्ञान और इंजीनियरिंग के प्रति छात्रों का रूझान बढ़ा है। इसे बताने की जरूरत नहीं है कि इस पेशे से जुड़ी सामाजिक प्रतिष्ठा एवं प्रसिद्धि छात्रों के लिए आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है। इसके अलावा, हमारे देश में चिकित्सा और इंजीनियरिंग पेशेवरों की बढ़ती माँग और अनुसंधान के विकास की उच्च स्तर पर पहुंचने के साथ, चिकित्सा और इंजीनियरिंग पेशा तेजी से विद्यार्थियों और अविभावकों का पसंद बनता जा रहा है। व्यवस्थित प्रयास और कुशल मार्गदर्शन सफलता का एक मार्ग है क्योंकि ये निश्चित रूप से किसी उम्मीदवार को सामान्य लोगों से अलग करता है। छात्रों को मेडिकल एवं इंजिनियरिंग के क्षेत्रों में सफलता पाने में गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसइ) एक अहम भूमिका निभा रहा है। गोल टैलेंट सर्च परीक्षा में शामिल छात्रों के लिए गोल इंस्टीट्यूट द्वारा उचित दिशा निर्देश के लिए सेमिनार एवं वेबीनार का आयोजन किया जाता है। जिसके द्वारा गोल संस्थान के एक्सपर्ट एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त किए लोग छात्रों को सफलता के मूलमंत्र को बताते हुए उन्हें सफलता का राह दिखाते हैं।

बर्णवाल समाज ने मनायी अहिबरण जी महाराज की जयंती, निकाली शोभायात्रा

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू क्षेत्र के बर्णवाल समाज अपने पूर्वज महाराजा अबिरण जी की जयंति धुमधाम से मनाई। इस मौके पर समाज के सभी लोगों ने उनके चित्र पर फुल चढ़ाए और फिर एक शोभायात्रा भी निकाली। जो ब्लॉक मोड़ से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चैक, बाजार, स्टेशन, रेलवे गेट होते हुए फिर ब्लॉ मोड़ पहुंच कर समाप्त हुई। इसके बाद समाज की एक सामुहिक भोज का भी आयोजन किया गया। मौके पर संजय बर्णवाल, अर्जुन बर्णवाल, सुरेश बर्णवाल, मनोज बर्णवाल, सुरेन्द्र बर्णवाल, चंदन बर्णवाल, अजय बर्णवाल, सुनील बर्णवाल, पुष्पा बर्णवाल, दीपाली बर्णवाल, गुड़िया बर्णवाल, अनीता बर्णवाल, रेखा बर्णवाल सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

शराबबंदी का संकल्प जयनगर पंचायत के ग्रामीणों ने लिया

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर में मुखिया हीरा देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें मुख्य रुप से शराबबंदी पर चर्चा हुई। और पंचायत से शराब को बेद करने का संकल्प ग्रामीणों ने लिया। इसके लिए जिस ग्रामीण के घर में शराब पीने वाले लोगा हैं। उन्हे जागरुक करने की जिम्मेवारी घर वालों को दी गई। आवश्यकता पड़ने पर पंचायत की मुखिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी जाकर श्सराब पीने वालों को समझाएंगे। बैठक में कहा गया कि शराब से घर के आने वाली पीझी और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आर आने वाली पीढ़ी का तो भविष्य ही दांव पर लग जाता है। इस मौके पर पूर्व मुखिया वीरमोहन मुंडा, सरीता देवी, शांति देवी, ललिता देवी, फुलकुमारी देवी, प्रमिला देवी, शोभा देवी, अनिता देवी, रमनी देवी, कमला कुमारी मोदी, पूजा देवी, सुमन देवी, सीमा देवी, मनोज मंडा, सोनु मुंडा, परमेश्वर मुंडा, पवन कुमार, प्रभाकर मुंडा, राजकुमार पाण्डेय, विरेन्द्र मुंडा, विजेन्द्र मुंडा सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा ने सीसीएल प्रबंधन को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा

उरीमारी (आजाद सिपाही)। विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा की बैठक समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन बिनोद हेंब्रम ने किया। बैठक के माध्यम से सीसीएल प्रबंधन को रोजगार को लेकर चार सूत्री मांग पत्र दिया गया जिसमें न्यू बिरसा में प्रतिदिन रोड सेल में 100 ट्रक लगाया जाय। न्यू बिरसा में रोड सेल के लिए प्रतिदिन क्वालिटी का कोयला दिया जाय। न्यू बिरसा परियोजना में 4000 टन तक का पावर हाउस का कोयला आता है उसे रोड सेल के माध्यम से उठाया जाय। न्यू बिरसा, बिरसा एवं उरीमारी परियोजना में ठेका कार्य में जो टेंडर निकलता है उसे विस्थापित एवं प्रभावित संवेदकों को ही ठेका कार्य दिया जाय।इन मांगों पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा सात दिनों के अंदर सकारत्मक पहल नही किया गया तो बाध्य होकर विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा द्वारा न्यू बिरसा के कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप कर दिया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में मुख्य रूप से विश्वनाथ मांझी,जुरा सोरेन,मनूलाल सोरेन,बेनीलाल सोरेन, चंद्रदेव मुंडा,विजय सोरेन,अजय करमाली, आनंद बेसरा, सुखराम बेसरा, अजय बेसरा, अजय मरांडी, प्रेम सोरेन, विजय टुडू,अनुज मुंडा, दिनेश मुंडा, अजय गंझू, मुनिया देवी,तेरेषा बेसरा,बिरसी देवी, सुनीता देवी, सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

चुंदरू में की गयी बैठक, स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस मनाने का निर्णय

टंडवा (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान की बैठक चुन्दरू धाम स्थित स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय सह वाचनालय के प्रांगण में सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से 12 जनवरी 2023 को चुन्दरू धाम में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस धूम-धाम से मनाने एव असहायों के सेवार्थ एवं युवा वर्ग के व्यक्तित्व के विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम जनो से निस्वार्थ भाव से सहयोग, गरीब लोगों के सहायतार्थ दानदाता अपनी इच्छानुसार कम्बल, गर्म वस्त्र, स्वेटर, सहयोग राशि, तथा कार्यक्रम में उपस्थिति सेवा संस्थान को दान देकर पुण्य के भागी बनने की अपील किया गया। इस मौके पर सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रो.बिगुल प्रसाद, उपाध्यक्ष जगन्नाथ भोक्ता,सदस्य दिनेश कुमार ठाकुर,दिलीप पेन्टर,कौलेश्वर यादव,सिकेन्दर मुण्डा, रामेश्वर कुमार महतो, जितेंद्र कुमार, सुन्दरम कुमार प्रियांशु,योगेन्द्र गिरि,हरि पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही के प्रधान संपादक से मिले भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव

पत्रकारों के हितों को लेकर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई द्वारा पत्रकार हित के मुद्दों पर झारखंड के सभी वरिष्ठ पत्रकारों को एक मंच पर आने का आह्वान किया गया है। बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन लगातार रांची से प्रकाशित समाचार पत्रों, न्यूज चैनल और डिजीटल मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों से मुलाकात कर रहे हैं। सोमवार को इसी कड़ी में दैनिक आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह, बीएसपीएस राष्ट्रीय कार्यकरिणी

के सदस्य दैनिक हिंदुस्तान के राजनीतिक संपादक चंदन मिश्र और दैनिक हिंदुस्तान के उप संपादक ललन पांडेय के साथ झारखंड के सेवानिवृत पत्रकारों के लिए पेंशन योजना और स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही, पत्रकारिता की गिरती साख और गरिमा को लेकर चिंता व्यक्त की गयी। आनेवाला समय डिजिटल मीडिया का है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु, डिजिटल मीडिया के लिए बनी नियामवली की अधिकांश डिजीटल मीडिया प्लेटफार्म पर पूरी तरह अनदेखी की जाती है। इस पर अंकुश लगाने की पहल होनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि बीएसपीएस का यह प्रयास स्वागत योग्य है। इसकी आवश्यकता आज सभी महसूस कर रहे हैं।

एनएसएस झारखंड और पासवा का संयुक्त क्रिसमस गैदरिंग एंड सेलिब्रेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सोमवार को राजधानी रांची के शिवानी इंटरनेशनल होटल हीनू में एनएसएस झारखंड और पासवा के संयुक्त क्रिसमस गैदरिंग एंड सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, राष्ट्रपति पुरस्कृत एनएसएस स्वंय सेवक फलक फातिमा, प्रदेश पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, समाजसेवी और नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव एवं मंटू श्रीवास्तव मौजूद थे। कार्यक्रम की आयोजका फलक फातिमा ने डॉ रामेश्वर उरांव को बुके और पेन

देकर सम्मानित किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद एनएसएस और पासवा के साथियों ने स्वरुचि भोजन का आनंद उठाया। क्रिसमस गैदरिंग समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि एनएसएस और पासवा के निरंतर अच्छे कार्यों की हर ओर प्रशंसा हो रही है। इन दोनों संगठनों ने समाज सेवा और शैक्षणिक जगत में अपने अतुलनीय योगदान से झारखंड के अभिभावकों, बच्चों और खेल प्रेमियों के बीच एक अपना अलग स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि एनएसएस और पासवा को आगे बढ़ाने में वह हमेशा खड़े हैं और सहयोग करेंगे। मुख्य अतिथि का स्वागत आलोक कुमार दुबे ने कहा कि सामाजिक कार्यों में विशेषकर बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पासवा ने एक अपनी अलग पहचान बनायी है। फातिमा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि एनएसएस झारखंड ने पूरे देश में राष्ट्रपति पुरस्कार ग्रहण कर अपना कदम आगे बढ़ाया है। झारखंड के बच्चे उत्साह के साथ और मेहनत करेंगे तो झारखंड का नाम और आगे बढ़ेगा। पासवा के पदाधिकारियों ने भी वित्त मंत्री का स्वागत किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन लाल किशोर नाथ शाहदेव ने किया।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एम्स भुवनेश्वर ने कल पूर्व प्रधानमंत्री, महान राजनेता भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रो (डॉ) आशुतोष बिश्वास ने हर क्षेत्र में सुशासन के लिए जागरूकता जवाबदेही जिम्मेदारी पारदर्शिता और अखंडता (आरती) पर जोर दिया। एम्स भुवनेश्वर के संस्थापक होने के नाते, पूर्व प्रधान मंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य

देखभाल क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया। दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की गतिशीलता को दोहराते हुए, एम्स भुवनेश्वर ने उनकी 98वीं जयंती पर भारत रत्न को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए कल एम्स भुवनेश्वर में अतिरिक्त द्वारा समन्वयित एक बैठक आयोजित की गई थी। प्रो (एनाटॉमी) डॉ. प्रभाष रंजन त्रिपाठी। बैठक में डीन (शिक्षाविद) डॉ. पीआर. महापात्रा, एमएस डॉ. एसएन. मोहंती, उप निदेशक (प्रशासन) प्रभारी रश्मी रंजन सेठी, रजिस्ट्रार बीबी. मिश्रा सहित संकाय सदस्य, छात्र और कर्मचारी शामिल हुए। समाज के विभिन्न कोनों के गणमान्य व्यक्तियों, व्यक्तित्वों ने एम्स भुवनेश्वर परिसर में स्वर्गीय वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि एम्स भुवनेश्वर परिसर में दिवंगत वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूर्व प्रधान मंत्री ने 15 जुलाई 2003 को एम्स भुवनेश्वर की आधारशिला रखी थी। एम्स भुवनेश्वर देश का दूसरा एम्स है और एकमात्र एम्स जिसका शिलान्यास श्री वाजपेयी ने किया था। एम्स भुवनेश्वर पूर्वी भारत का एक विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थान बन गया है।

अहिबरन जयंती सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। बरनवाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी गौरवमयी परंपरा के अनुरूप महाराजा अहिबरन जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर दिनांक 26 दिसंबर 2022 को कार्निवाल बेंकेट हॉल, रांची में अहिबरन जयंती-सह-पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित हुए। समारोह का संपूर्ण आयोजन बरनवाल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. टीपी. बरनवाल के मार्ग-निर्देशन में संपन्न हुआ। ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा महाराजा अहिबरन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. टी.पी.बरनवाल के अध्यक्षीय भाषण द्वारा समाज के लोगों से आग्रह किया गया कि जो व्यक्ति समाज में दबेझकुचले एवं अत्यंत पिछड़े हुए हैं, उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ें एवं उनकी यथासंभव मदद करें। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार द्वारा ट्रस्ट का वार्षिक लेखा प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन शंभू लाल बरनवाल एवं अलका बरनवाल द्वारा किया गया। कवयित्री खुशबू बरनवाल ने तलाक की बढ़ती हुई संख्या पर चिंता जताते हुए काव्य पाठ किया। समारोह को सफल बनाने में पवन कुमार, सुधीर प्रसाद, राजीव कुमार, मोतीलाल, मनोज कुमार, अजीत कुमार, संजय बरनवाल, उमेश बरनवाल, सुदेश बरनवाल, मुकुल बरनवाल, दिलीप बरनवाल, सुशील कुमार तथा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भरपूर सहयोग किया गया। प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में रितु बरनवाल, ममता बरनवाल, रीमा बरनवाल, इरा बरनवाल, मीरा बरनवाल, संध्या रानी बरनवाल सहित अन्य महिलाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के संरक्षक-सह-महासचिव केडी. मोदी द्वारा किया गया।

भारत जोड़ो यात्रा से क्या मिला

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 108 दिनों में करीब 3000 किलोमीटर की दूरी नापते हुए शनिवार को दिल्ली पहुंची। यहां इस यात्रा का पहला चरण पूरा हुआ बताया गया। दूसरा चरण 3 जनवरी से शुरू होने वाला है। इन 108 दिनों में इस यात्रा ने राहुल गांधी को क्या दिया, देश और देशवासियों को लेकर उनकी समझ कितनी समृद्ध हुई, यह भी एक महत्वपूर्ण सवाल है, लेकिन इसका सही जवाब आने वाले दिनों में राहुल गांधी के फैसलों और उन फैसलों के असर के माध्यम से देश दुनिया के सामने खुलेगा। इस बीच, देश के अलग-अलग हिस्सों से गुजरती इस यात्रा ने देशवासियों पर, उनके मन मिजाज पर और, कांग्रेस तथा राहुल गांधी के प्रति उनकी धारणा पर कोई असर डाला है या नहीं? अगर हां तो वह असर किस तरह का है? क्या वह तात्कालिक है या उसके कुछ समय तक टिके रहने के भी आसार हैं? ये सवाल भी कठिन और जटिल हैं लेकिन इनकी थोड़ी-बहुत पड़ताल की जा सकती है और जवाब के रूप में कुछ ऐसे ऑब्जर्वेशन भी दिये जा सकते हैं, जिन पर आगे बहस की जा सके या जिन्हें समय की कसौटी पर चढ़ाकर नतीजे का इंतजार किया जा सके। इस क्रम में पहली बात यह नोट की जा सकती है कि एक के बाद एक चुनावी हार से जूझती और परसेप्शन की लड़ाई में संघ-बीजेपी से शिकस्त खाती कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी पर यह आरोप लग रहे थे कि वह अपने सामने मौजूद राजनीतिक चुनौतियों को लेकर गंभीर नहीं हैं। 100 दिनों से ज्यादा की इस यात्रा ने राहुल गांधी की उस छवि को निस्संदेह कमजोर किया है। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से गुजरते हुए, लोगों की बातें सुनते हुए और उन्हें संबोधित करते हुए वह अलग-अलग तरीकों से यह बात दोहराते रहे हैं कि उनकी नजर में कैसे संघ-बीजेपी से भारतीयता को खतरा है। उनकी इस धारणा से सहमत हुआ जाए या नहीं, पर इतना जरूर है कि लोग अब उनकी बात को पहले से ज्यादा गंभीरता से सुन रहे हैं। अगर विपक्षी स्पेस की बात करें तो राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को चुनावी हार-जीत से अलग रखकर यह भी सुनिश्चित किया कि बीजेपी से परेशानी महसूस करती लेकिन कांग्रेस से दूर खड़ी आबादी भी उन तक पहुंचने में संकोच न करे। यह इस यात्रा का एक अतिरिक्त फायदा कहा जा सकता है। लेकिन एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर कांग्रेस के सामने मौजूद चुनौतियों के संदर्भ में देखें तो इतना काफी नहीं है। सबसे बड़ा सवाल है कि क्या राहुल के हिस्से में आये लोगों के इस सद्भाव को वोट की शक्ल में बदला जा सकता है?

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल भीड़ को क्या वोटों में बदला जा सकता है। यही सवाल स्पष्ट कर देता है कि इस यात्रा से उपजी और उपज रही संभावनाओं को ठोस नतीजों में तब्दील करने के लिए कांग्रेस को अभी कई स्तरों पर और अधिक कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी।

वीर बाल दिवस : बलिदान से नमन व प्रेरणा लेने का दिन

डॉ. पवन सिंह

दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का आदेश हुआ। दीवार चिनी जाने लगी। जब दीवार छह वर्षीय फतेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो आठ वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगा। फतेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों हैं। जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूं कि दुनियां में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था।

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का स्मरण आते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु गोविंद सिंह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले उन महानायकों में से हैं जिन्होंने हमारे लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सिख इतिहास शहीदियों की लाजवाब मिसाल है। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों 'साहिबजादों' के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये 'वीर बाल दिवस' के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दिन वास्तव में उनकी शहादत को नमन करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है।

सरसा नदी पर बिछड़ गया परिवार : 20 दिसम्बर 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी में उफान था कई सिख बलिदान हो गए, कुछ नदी में बह गये। इस अफरा तफरी में परिवार बिछड़ गया। माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे गुरु जी से अलग हो गये। दोनों बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ ही थे।

दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में 'शहीदी सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है।

बड़े साहिबजादों, अजीत सिंह और जुझार सिंह जी का बलिदान : उस रात गुरु जी ने एक खुले मैदान में शिविर लगाया अब उनके साथ दोनों बड़े साहिबजादे और कुछ सिख योद्धा थे। अगले दिन जो युद्ध हुआ उसे इतिहास में बैटल ऑफ चमकौर साहिब के नाम से जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी 40 सिख फौजों के साथ चमकौर की गढ़ी एक कच्चे किले में 10 लाख मुगल सैनिकों से मुकाबला करते हैं। एक-एक सिख दस लाख मुगलिया फौज पर भारी पड़ता है। गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े बेटे जिनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की है साहेबजादा अजित सिंह ने मुगल फौजों में भारी तबाही की, सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतारा लेकिन दस लाख मुगलिया फौज के सामने साहेबजादा अजित सिंह बलिदान हो गए। छोटे साहिबजादे जिनकी उम्र मात्र 14 वर्ष की है, बड़े भाई के बलिदान को देखते हुए पिता गुरु गोविंद सिंह जी से युद्ध के मैदान में जाने की अनुमति मांगी। एक पिता ने अपने हाथों से पुत्र को सजाकर युद्ध के मैदान में भेजा। लाखों मुगलों पर भारी साहेबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए।

दीवार में जिंदा चुने गए, पर धर्म नहीं बदला : साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। वजीर खां ने फिर पूछा, बोलो इस्लाम कबूल करते हो? छह साल के छोटे साहिबजादे फतेह सिंह ने नवाब से पूछा अगर मुसलमान हो गए तो फिर कभी नहीं मरेंगे न? वजीर खां अवाक रह गया उसके मुंह से जवाब न फूटा तो साहिबजादे ने जवाब दिया कि जब मुसलमान हो के भी मरना ही है, तो अपने धर्म में ही अपने धर्म की खातिर क्यों न मरें। दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का आदेश हुआ। दीवार चिनी जाने लगी। जब दीवार छह वर्षीय फतेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो आठ वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगा। फतेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों हैं। जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूं कि दुनियां में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था। उसी रात माता गुजरी ने भी ठंडे बुर्ज में प्राण त्याग दिये। दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में 'शहीदी सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है।

प्रेरणा व संदेश का दिन : दिसंबर के इस अंतिम सप्ताह में श्रद्धावानों द्वारा जमीन पर सोने की परंपरा है। क्योंकि माता गुजरी ने 25 दिसम्बर की वो रात दोनों छोटे साहिबजादों के साथ वजीर खां की गिरफ्त में सरहिन्द के किले में ठंडी बुर्ज में गुजारी थी और 26 दिसम्बर को दोनों बच्चे शहीद हो गये थे। 27 तारीख को माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिये थे। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार श्रद्धालु 20 से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह भी मनाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों व घरों में कीर्तन और पाठ करते हैं। साथ ही बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में भी जानकारी दी जाती है। गुरु पुत्रों के बलिदान की यह कहानी आज की पीढ़ी को अपने देश से, धर्म से, संस्कृति से व अपने वतन से प्रेम करने का सन्देश देती है।

आज का दिन साहिबजादों के साहस और न्याय के प्रति उनके संकल्प के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी एवं चारों साहिबजादों की वीरता तथा आदर्श लोगों को साहस व शक्ति प्रदान करते हैं। वे अन्याय के आगे कभी नहीं झुके। उन्होंने एक ऐसे विश्व की कल्पना की, जो समावेशी और सामंजस्यपूर्ण हो। यह समय की मांग है कि अधिक से अधिक लोग उनके बारे में जानें। आइये, वीर बाल दिवस पर गुरु पुत्रों के प्रेरक जीवन चरित्र को जन- जन तक पहुंचाएं।

(लेखक जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मीडिया विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं)

जमशेदपुर की खबरें

पटमदा में होगी वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा स्थापित, 30 जून को होगा अनावरण

विधायक ने शेड निर्माण व सुंदरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा स्थित कांकीडीह महुलतल में विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर सिदो-कान्हू की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सोमवार को विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मंगल कालिंदी ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिदो-कान्हू मूर्ति स्थल पर विधायक निधि से शेड निर्माण और सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया लगभग आठ लाख की लागत से शेड निर्माण और सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जहां एक लाख की लागत से सिद्धू कानू की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया 30 जून को हूल दिवस के अवसर मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। जिसके लिए आज मूर्तिकार को एडवांस राशि भी उपलब्ध करायी गयी।

मौके पर ग्रामीणों ने बताया शहीदों का सम्मान अक्सर विधायक मंगल कालिंदी करते आये हैं। विगत दिनों ही उन्होंने जमशेदपुर के साकची गोल चक्कर के पास भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा स्थापित करायी। जो आज भी पूरे राज्य में चर्चा का विषय बनी हुई है। शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उन्होंने घोड़ाबांदा के उच्च विद्यालय में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। अब पटमदा में 30 जून को सिद्धू कानू की भव्य प्रतिमा लगाने की तैयारी की जा रही है। वहीं निरीक्षण के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विधायक मंगल कालिंदी के कार्य का सराहना की। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, मुखिया दीपक कोड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, महेश्वर बेसरा, सागेन बेसरा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सिद्धगोड़ा में बिजली विभाग के कलेक्शन एजेंट से लूट, जांच में जुटी पुलिस

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिदगोड़ा में बिजली बिल कलेक्शन एजेंट से 9 लाख की लूट की घटना प्रकाश में आयी है। हालांकि पुलिस इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम मानगो के कुंवर बस्ती निवासी जितेंद्र पात्रो सिद्धगोरा से बिजली बिल कलेक्शन कर स्कूटी में गोलमुरी की ओर जा रहा था। जितेंद्र पात्रो के अनुसार सिद्धगोरा थाना अंतर्गत 14 नंबर रोड के पास पीछे से मोटरसाइकिल सवार पीछे से धक्का मारकर बैग में रखे 9 लाख कलेक्शन का रुपया लेकर फरार हो गया। उन्होंने बताया घटना के बाद घायल अवस्था में एमजीएम अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उधर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है। घायल युवक ने पुलिस को बताया बाइक सवार दो युवकों ने उनकी डिक्की में रखे कलेक्शन के रुपए निकाल कर फरार हो गए। बताया जा रहा है जितेंद्र पात्रो बीते 7 साल से बिजली विभाग के कलेक्शन एजेंट का काम करता था। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जांच के उपरांत जानकारी दी जाएगी।

टेल्को में महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टेल्को थाना अंतर्गत रॉक गार्डन के पास बाइक की टक्कर से महिला घायल हो गयी। घायल महिला को टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महिला सुमित्रा गोंड राधिका नगर संतोषी मंदिर के पास रहने वाली है. महिला लोगों के घरों में काम करती है और काम खत्म करने के बाद वह घर लौट रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने ठोकर मार दी.जिससे वह घायल हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बाइक को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। बाइक चालक अरशद आलम बारीनगर के रहने वाला बताया जाता है।

दो दिवसीय फुटबॉल मैच का हुआ समापन

चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया प्रखंड के लोधाशोली पंचायत के खारबांधा गांव में जीएचबी क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को फाइनल मैच राम फुटबॉल एकादश और एव्याईएस बामनडीहा एकादश के बीच खेला गया. प्रतियोगिता पर राम एकादश ने कब्जा जमाया। फाइनल मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक समीर महंती ने दोनों टीम के खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक ने विजेता टीम को 8 हजार रूपए और उप विजेता टीम को 6 हजार रूपए देकर पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सुनाराम हांसदा,मुखिया मंजू टुडू, वार्ड मेंबर झीका हांसदा,गोतम दास, राजा बारीक, मोहन माईति, मनोज गोप,कनाई गोप,धनीराम सिंह, पुलिन गोप, सहदेव गोप, पूर्णो सीट,देवाशीष दास,गाबला दत्त,कमेटी सदस्य दुर्गा चरण मांडी, हरीराम मुर्मू,राम चंद्र सोरेन,सनातन मांडी, बबलू सोरेन, बालिया हांसदा समेत अन्य उपस्थित थे।

सिद्धगोड़ा सिनेमा मैदान में सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

टूर्नामेंट में विजेता टीम को 50001 रुपये व उप-विजेता टीम को 35000 रुपये पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। न्यू सिद्धगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी के बैनर तले उपाध्यक्ष अनूप सिंह एवं महासचिव प्रदीप सिंह के नेतृत्व में सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, आजसू के केंद्रीय महासचिव चंद्रगुप्त सिंह, सम्मानित अतिथि समरेश सिंह व समाजसेवी जीतेन्द्र उपाध्याय शामिल हुए। कमेटी के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व क्रिकेट खेल कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। मौके पर महासचिव प्रदीप सिंह ने कहा क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 3100 रुपए रखा गया है। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया टूर्नामेंट में विजेता टीम को 50001 रुपए, उप-विजेता टीम को 35000 रुपए, तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 7500 और चौथी टीम को 7500 रुपए पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे। इसके अलावा हर मैच में मैन ऑफ द मैच और फाइनल में श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा दोनों फाइनल में पहुंची टीम को मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट में मैच 8 ओवर का खेला जाएगा। जिसमें दो ओवर पावर प्ले रहेगा। हर गेंदबाज दो ओवर ही बॉल डाल सकेगा।

फाइनल मैच एक जनवरी 2023 को खेला जायेगा। फाइनल और सेमी फाइनल 10 ओवर का रहेगा। जिसमें तीन ओवर पावर प्ले रहेगा। गेदबाज दो ओवर ही बॉल डाल सकेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश चौधरी, सुशांत चौधरी, चंदन सिंह, श्रीकांत सिंह, रौनक सिसोदिया, अनूप तिवारी का योगदान रहा है।

साहिबजादों की शहीदी को समर्पित नेत्र जांच शिविर में 161 लोगों की हुई जांच

शिविर में चिह्नित 42 मोतियाबिंद के मरीजों का मुफ्त कराया जायेगा ऑपरेशन, मानगो गुरुद्वारा सिंह सभा ने सफर ए शहादत के तहत कराया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। चारों साहिबजादों की शहीदी को समर्पित शहीदी सप्ताह पर मानगो गुरुद्वारा में आयोजित सफर-ए-शहादत की ओर से संचालित लोकोपयोगी कार्यक्रमों के तहत सोमवार को नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें कुल 161 लोगों की जांच की गई जिनमें 42 लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत पायी गयी। मानगो गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से तमोलिया के पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में चिह्नित मोतियाबिंद के 42 मरीजों का पूर्णिमा नेत्रालय में मुफ्त ऑपरेशन कराया जायेगा एवं कमजोर दृष्टि वाले लोगों को चश्मे भी प्रदान किये जायेंगे।

पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉक्टर ईष्टदेव सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों के दल ने मरीजों की जांच की जिसमे पूर्णिमा नेत्रालय के मार्केटिंग मैनेजर राजेश राव एवं नर्स रेणु कुमारी ने भी अहम भूमिका निभायी। मानगो गुरुद्वारा के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने इस अवसर पर कहा कि दृष्टि दोष वाले व्यक्तियों की नेत्र ज्योति लौटना अत्यंत पुण्य का कार्य है। समाज में ऐसे सराहनीय कार्यों को तन मन और धन से बढ़-चढ़ कर करना चाहिए।

हेमकुंड पब्लिक स्कूल के संस्कार वीक का शुभारंभ

निदेशक ने बच्चों को स्कूल में ही अच्छे आचरण को आत्मसात करने के लिए किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। हमारे संस्कार हमारे जीवन की सफलता का आकार तय करते हैं, हम जीवन में कितना सफल हो पाते हैं ये हमारे संस्कारों और आदतों पर निर्भर करता है. उक्त बातें शिक्षाविद् और राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड के सदस्य पारसनाथ मिश्र ने हेमकुंड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। स्कूल के निदेशक पारस नाथ मिश्र ने संस्कार वीक में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आचरण, संस्कार एवं व्यवहार ही हमारी सफलता का आधार हैं, इसलिए विद्यार्थी जीवन में ही अच्छे संस्कार एवं आचरण जीवन में आत्मसात कर लेने चाहिए। श्री मिश्र ने कहा कि हेमकुंड पब्लिक स्कूल में हर माह एक सप्ताह संस्कार वीक के रूप में मनाया जाएगा। इनमें सबसे पहला आचरण सुबह उठ का माता पिता को प्रणाम, आदर पूर्वक जल देना, सूर्य नमस्कार के साथ साथ ईश्वर का सारी चीजों के लिए आभार जताना शामिल हैं। मैनेजमेंट गुरु सह टाटा मोटर्स के पूर्व अधिकारी चंद्रेश्वर खां ने कहा कि 6 से 8 वर्ष की आयु में बच्चों का 80 प्रतिशत मानसिक विकास हो जाता है। बच्चो को यदि स्कूल में अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया जाये तो बच्चे सरकात्मक दिशा में कार्य करते हैं।

महत्वपूर्ण न्यूज

स्वतंत्रता सेनानी बीर फेतल सिंह की धरती बाहाहारा में वनवासी कल्याण केंद्र ने किया कंबल वितरण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी वीर फेतल सिंह की धरती ग्राम बाहाहारा में वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय ग्राम विकास प्रमुख बिंदेश्वरी साहू एवं पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह सिंह ने फेतल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का बनवासी भैया बहनों के द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय ग्राम प्रमुख बिंदेश्वरी साहू एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री गिरनाथ सिंह ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुसार रीति-रिवाजों का पालन करते हुए बुजुर्ग वनवासियों का पैर धोकर सम्मान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम प्रमुख बिंदेश्वरी साहू ने पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, भाजपा नेता शिव शंकर सोनी, विहिप के रंका प्रखड अध्यक्ष सुलपानी सिंह, दीनानाथ प्रसाद सहित काफी संख्या में वनवासी भैया बहनें उपस्थित थे।

भवनाथपुर सेल डैम में किया जा रहा है विदेशी पक्षियों का शिकार, वन विभाग है बेखबर

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर टाउनशिप सेल डैम में ठंड के मौसम में प्रवास के लिए विदेशी पक्षियों का आगमन होता है जो बरबस सैलानियों को आकर्षित करता है। लेकिन इन विदेशी मेहमानों पर शिकारियों की नजर लग गयी है। सूत्रों के अनुसार डैम क्षेत्र में इन दिनों विदेशी पक्षियों का शिकार किया जा रहा है। ठंड की शुरुआत होते ही विदेशी पक्षी जैसे जोहन, लालसर साइबेरियन पक्षी तीन महीने तक सेल डैम का शोभा बढ़ाते हैं। प्रत्येक वर्ष साइबेरियन पक्षी सेल के डैम में हजारों मील दूर से प्रवास करने आते हैं लेकिन शिकारियों के द्वारा शिकार किये जाने के बावजूद वन विभाग बेखबर है। बता दें कि सेल डैम प्रक्षेत्र में आम अवाम का प्रवेश प्रतिबंधित है, बावजूद आसपास के लोग ट्यूब के सहारे डैम में प्रवेश कर मछली तो मारते ही हैं साथ ही विदेशी पक्षियों का भी शिकार करते हैं। सूत्रों की मानें तो शिकारी चिटपुटिया नाम की दवा पानी में पत्ते पर रख देते हैं जिसे विदेशी मेहमान खाकर मर जाते हैं और सुबह होते ही पक्षियों को बाहर निकालकर डेढ़ सौ से दो सौ रुपये प्रति पीस गोपनीय तरीके से बाजार में बेच दिया जाता है। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि विदेशी पक्षियों का शिकार किया जा रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। यदि ऐसा है तो वनकर्मियों द्वारा पैनी नजर रखी जायेगी। शिकारी को पकड़े जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

एक युवक के ऊपर तेंदुआ की छलांग लगाने के बाद भयभीत हैं क्षेत्र के लोग

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत मकरी गांव में स्थित जंगल मे तेंदुआ के द्वारा एक युवक के ऊपर छलांग लगाने के बाद क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। इस संबंध में तेंदुए की जद से बच निकले मकरी गांव निवासी इंद्रजीत कुशवाहा ने बताया कि बीते रविवार रात्रि के समय लगभग साढ़े आठ बजे अपने घर के नजदीक मकरी जंगल में शौच के लिए निकला था। इसी बीच एक तेंदुआ जैसा विशालकाय जानवर ने उसपर छलांग लगाते हुए हमला कर दिया। मगर तेंदुआ पुटुस की झाड़ी में फंस गया। इसके बाद उसने बिना शौच किये किसी तरह गांव की ओर भागते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित होकर टायर जलाकर तेंदुआ को भगाने की कोशिश किये। जबकि इस घटना के बाद मकरी गांव सहित पूरे क्षेत्र में भय देखा जा रहा है। इस संबंध में मकरी वन समिति के अध्यक्ष लालू कुशवाहा ने बताया कि ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की सलाह देते हुए वन विभाग को सूचित कर दिया गया है। अब देखना है कि इस घटना के बाद वन विभाग क्या कदम उठाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना के बाद उक्त गांव के लोग रातभर टायर के साथ लुकवारी जलाकर गांव में भ्रमण करते रहे। तेंदुए के डर से भागते समय इंद्रजीत कुशवाहा का मोबाइल गुम हो गया था, जिसे लोगों ने सुबह बरामद किया है। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा के लिए उपाय करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि तेंदुआ उस क्षेत्र में नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि पदचिन्ह मिलान करने पर तेंदुआ का नहीं लगा।

बैठक : रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला कार्यसमिति ने पुनः मंडरा रहे कोविड के खतरे पर किया विचार -विमर्श

15 जनवरी से हर रविवार को विद्यालयों में वैक्सीनेशन शिविर लगाने का निर्णय

गढ़वा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेने के लिए सरकार की अपील से सदस्यों को कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला कार्यसमिति की नियमित बैठक स्थानीय सदर अस्पताल स्थित टीबी केन्द्र के सभागार में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता ने की एवं संचालन रेडक्रॉस के सचिव डॉ जेपी सिंह ने किया। इस बैठक में गढ़वा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में गत बैठक की पुष्टि के पश्चात पुनः मंडरा रहे कोविड के खतरे पर विचार किया गया।

डॉ कमलेश कुमार ने टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेने के लिए सरकार की अपील से सदस्यों को अवगत कराया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 जनवरी से हर रविवार को क्रमशः बालिका मध्य विद्यालय, मेनरोड गढ़वा, शालिग्राम अग्रवाल मध्य विद्यालय सोनपुरवा एवं डीएवी मिडल स्कूल चौधराना बाजार में कोरोना वैक्सीनेशन शिविर लगाया जायेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि रेडक्रॉस द्वारा डॉ अनिल साह के किसमती कॉलेज ऑफ फार्मेसी मेराल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं सभी रक्तदाताओं को रक्तदान का सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

बैठक में मार्च के अंतिम रविवार को नेशनल स्कूल टाटीदीरी में एक मेडिकल कैम्प लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में रेडक्रॉस के वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में सर्वश्री डॉ एमपी गुप्ता, डॉ कमलेश कुमार, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, विनोद कमलापुरी, नंदकुमार गुप्ता, ब्रजमोहन प्रसाद, रघुबीर कश्यप, राजमणी कमलापुरी, दया शंकर गुप्ता, डॉ अरसद अंसारी, मनोज केशरी, अवधेश कुशवाहा आदि सदस्य उपस्थित थे।

रेडक्रॉस सदस्यों ने नौ टीबी मरीजों को लिया गोद

बैठक में टीबी मरीजों पर चर्चा के दौरान उपस्थित रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता ने दो मरीज, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह ने दो मरीज, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने एक मरीज, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, मनोज केशरी रूपागंजी, अवधेश कुशवाहा एवं दया शंकर गुप्ता ने एक-एक टीबी मरीज सहित रेडक्रॉस द्वारा कुल नौ टीबी मरीजों को गोद लिया गया। जिन्हें छह महीने तक निर्धारित पोषाहार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही आमजन से टीबी मरीजों को गोद लेने का आह्वान किया गया।

उपायुक्त के निर्देश पर कर्नाटक से गढ़वा लाया जायेगा मृतक मजदूर का शव

मृतक मजदूर का शव लाने के लिए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गढ़वा ने की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला के स्व. अखिलेश राम पिता प्रेमा राम, ग्राम व पंचायत सोनडीहा, प्रखंड सगमा, थाना धुरकी के शव को कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जिला के अंकोला से गृह जिला गढ़वा में लाने हेतु उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, गढ़वा राजेश कुमार राय ने पहल की है। उप विकास आयुक्त, गढ़वा श्री राय के द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक मजदूर स्व. अखिलेश राम कर्नाटक राज्य के जिला उत्तर कन्नड़ में मजदूरी का काम करता था। कार्य करने के दौरान अचानक बेहोश हो गया, तदोपरांत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के भाई राजेंद्र राम द्वारा उपायुक्त को आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि उनका भाई अखिलेश राम की मृत्यु कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिला में मजदूरी के दौरान हो गयी है। मृतक एवं उनके पिता प्रेमा राम लकवा से पीड़ित हैं एवं गरीब व्यक्ति हैं, जिसके कारण मृतक का शव कर्नाटक से गढ़वा जिला लाने में असमर्थ हैं। उन्होंने मृतक का शव गृह जिला लाने हेतु आग्रह किया था। विदित हो कि मृतक के शव को कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जिला से गढ़वा लाने वाले एजेंसी हीरधी 24/7 एंबुलेंस हर्स वैन हेमंत मलिक के प्रतिनिधि द्वारा 38 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसे उप विकास आयुक्त -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद गढ़वा राजेश कुमार राय द्वारा पहल करते हुए जिला परिषद के आकस्मिक कोष से एजेंसी को 38 हजार की स्वीकृति प्रदान करते हुए भुगतान किया गया, ताकि मृतक मजदूर का शव उसके गृह जिला लाया जा सके।

शिवालय कंपनी बाइपास निर्माण में जुटे कंट्रक्शन की साइट से होती है तेल की चोरी

तीन गैलन में डेढ़ सौ लीटर डीजल के साथ दो चोर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले में शिवालय कंपनी के द्वारा बाईपास सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में लगी गाड़ियों के उपयोग के लिए साइट पर तेल रखा होता है, जिसकी चोरी होती है। यह तब ज्ञात हुआ जब तेल चोरी करके भाग रहे दो चोरों को पकड़ा गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा तेल चोरी होने का लिखित आवेदन दिया गया उसी आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए इन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पहले मजदूर के रूप में दोनों कार्यरत थे। इन्हें पूरी जानकारी थी कि तेल कहां रखा रहता है, बाद में इनके द्वारा वहां काम छोड़ दिया गया और उसके बाद उसी तेल की चोरी करने लग। उसी क्रम में जब अहले सुबह तेल चोरी कर भागने की सूचना मिली तो गढ़वा सदर थाना पुलिस ने रेकी कर दोनों चोरों को सदर प्रखंड के झलुआ स्थित आरोग्य अस्पताल के पास से एक मोटरसाइकिल एवं टीवीएस लूणा पर लोड तीन गैलन में डीजल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गढ़वा सदर प्रखंड के जाटा पंचायत के करमड़िह गांव निवासी रामकेश महतो के पुत्र जितेंद्र कुमार एवं वीरकेश महतों के पुत्र विकास कुमार के नाम शामिल हैं। वहीं जब्त एक मोटरसाइकिल व लूना को जब्त कर लिया गया है।

नेहरू युवा केंद्र की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केंद्र श्री बंशीधर नगर इकाई की ओर से यहां अनुमंडल कार्यालय के मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गयी। समापन के मौके पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में भवनाथपुर सिंदुरिया की टीम श्री बंशीधर नगर के अधौरा को 1-0 से पराजित कर विजेता बनी। इसके पूर्व प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। फाईनल मैच भवनाथपुर सिंदुरिया एवं श्री बंशीधर नगर के अधौरा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में भवनाथपुर सिंदूरिया अधौरा को 1-0 से पराजित कर विजेता बनी। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ निशीथ नीरव, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे एवं कमलेश पांडेय ने विजेता एवं उपविजेता टीम को कप प्रदान किया।

यूपी कमाने गये युवक की मौत, शव आने पर गांव में मातम

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। बाहर कमाने गया युवक पिपरी कला गांव निवासी अनिरुद्ध राम (40) की अचानक मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने बताया कि दो माह पूर्व उतर प्रदेश के भदोही में कालीन का काम करने गया था। जहां अचानक चक्कर आने पर मौत हो गयी। इधर मृतक का शव एम्बुलेंस से सोमवार को गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटी, एक बेटा को छोड़ चल बसा है।

स्कूली बच्चों में छुपी खेल प्रतिभा को निखार रहा स्कूली क्रिकेट टूर्नामेंट : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय के गोविंद इंटर कॉलेज टाउन हॉल के मैदान चल रहे गढ़वा जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनसे उनका परिचय जाना एवं खेल देखा। मौके पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे सचिव आनंद सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, संतोष दुबे, मनोज तिवारी, सह सचिव प्रिंस सोनी आदि काफी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल का आनंद ले रहे दर्शक मौके पर उपस्थित थे।

जबकि वही मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि सच में आयोजन समिति बधाई की पात्र है। क्योंकि जहां आज वर्तमान गुजरते वक्त में व्यक्तिगत आयोजन करना भी मुश्किल हुआ है। वहीं पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा गुजरे इक्कीस सालों से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, ताकि स्कूली बच्चों के अंदर जो खेल प्रतिभा छुपी हुई है, उसे निखारा जा सके।

कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल जूनियर गढ़वा जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल गढ़वा जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को गढ़वा जिला सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ की संरक्षक अनीता दत्त, रेखा चौबे, उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव गुड्डू सिंह, विधायक प्रतिनिधि खेल ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से 1600 मीटर रेस का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर झंडी दिखाकर किया। इससे पूर्व इस प्रतियोगिता में 237 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन से पूर्व खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संयुक्त सचिव अरविंद कुमार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के मीडिया प्रभारी दिलीप गुप्ता, गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के कोषाध्यक्ष अजय कांत, संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, कौशलेश तिवारी, रजत कुमार, प्रदीप सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अमित कुमार, राजन केसरी, अरविंद दुबे, उपेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अरविंद कुमार और एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी ने किया। 1600 मीटर बालक में प्रथम अख्तर अंसारी, द्वितीय सूरज कुमार, तृतीय मनीष कुमार, 1600 मीटर बालिका में प्रथम पूनम कुमारी, द्वितीय दीपांजलि कुमारी और तृतीय सोनम कुमारी, 600 मीटर बालिका में प्रथम स्वाति कुमारी, द्वितीय वर्षा कुमारी, तृतीय प्रीति कुमारी, 600 मीटर बालक में प्रथम अमित कुमार, द्वितीय मोहित उरांव एवं तृतीय यकीन किस्पोट्टा रहे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम–तम्मना खातुन, उम्र–31 वर्ष, रंग–गोरी, उँचाई–5 फीट, पहनावा–काला रंग का सलवार सुट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला तम्मन्ना खातुन, पति–ईसराइल अंसारी, सा0–लपरा, थाना–मैक्लुस्कीगंज, जिला–राँची, जो दिनांक 10-11.2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में मैक्लुस्कीगंज, थाना सनहा संख्या–20/22 दिनांक–11.11.2022, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी, राँची। –9431742777
थाना प्रभारी मैक्लुस्कीगंज, राँची। –9431706568

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 286014 (Police)22-23*D

प्रतियोगिता : आरके पब्लिक स्कूल में 28वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, अलखनाथ पांडेय ने कहा

शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश राजेश चरण सिंह ने कहा- विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया जो कि बहुत ही सराहनीय है

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आर.के. पब्लिक स्कूल में आयोजित 28वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला न्यायाधीश राजेश चरण सिंह, विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय सोनी सहित मंचासीन अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से स्पोर्ट फ्लैग फहरा कर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व मशाल जलाकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावक सहित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी भाग लेकर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह को बढ़ाने का काम किया। विद्यालय के सभी बच्चों के द्वारा बहुत ही बेहतरीन खेलकूद का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में अलखनाथ पांडे ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल से तन-मन स्वस्थ रहता है और स्वस्थ लोगों से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला न्यायाधीश राजेश चरण सिंह ने कहा कि विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों ने बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया जो कि बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने स्कूल का डिसिप्लिन स्कूल के बच्चों का खेलकूद के प्रति उत्साह को देखकर उनकी खूब सराहना की। बच्चे इसी तरह से पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी आगे बढ़ते रहें इसकी शुभकामना दी। कार्यक्रम में संजय सोनी, प्रमोद चौबे, विनोद कमलापुरी, मुजीब, अवधेश कुशवाहा, आनंद सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा, जितेंद्र, विजय चौबे, धनंजय तिवारी, अंजनी तिवारी, अभिभावकगण सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 113/RI/2022-23/RWD/RAMGARH दिनांक :- 26.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि	टेण्डर कॉल नं0
1.	RWD/ RAMGARH/ 03/2022-23	लुगूस्थान से जतराटांड़ होते हुए हुण्डवागढ़ा लालजी महतो के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.900 कि0मी0)	4,70,71,894.00	चार करोड़ सत्तर लाख इकहत्तर हजार आठ सौ चौरानवे रू0 मात्र	18 माह	द्वितीय

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 29.12.2022
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.(क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 12.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8.निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ के पक्ष में एवं रामगढ़ में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 286007 (Rural Work Department)22-23*D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

विधायक सुदेश महतो ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने प्रखंड के कई गांव-टोले में विधायक मद से निर्मित होने वाले दो पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सिल्ली प्रखड के लुपुंग पंचायत स्टेशन रोड में नाली निर्माण और सिल्ली रेलवे स्टेशन के समीप व लोवापीडी के कालिंदी कॉलोनी में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण करके किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए एकजूट रहें। अपनी समस्याओं को बेझिझक बताएं, ताकि सभी समस्याओं को दूर किया जा सके। इस मौके पर जयपाल सिंह, सुनील सिंह, चित्तरंजन महतो, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी ,मुखिया सीमा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य, अजीत महतो, कमलेश महतो और बानेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

दो लाख का इनामी फुटबाल प्रतियोगिता 28 को

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पुन्डीदीरी गांव स्थित रूंगकड़ी फुटबाल मैदान में 28 दिसंबर को एकदिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता सह मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया है। उक्त मेले में मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ विधायक व विशिष्ट अतिथि प्रमुख रूप से उपस्थित होंगें। इसकी जानकारी आयोजन कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ने दी।

सिल्लीडीह टीम ने जीता दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लोटा स्कूल मैदान में रविवार को शहीद निर्मल महतो जयंती के अवसर पर मिलन फुटबॉल क्लब लोटा की ओर से दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबला जितेंद्र फुटबॉल क्लब बावनी और सिल्लीडीह फुटबॉल क्लब बीच खेला गया। इसमें सिल्लीडीह फुटबॉल क्लब एक गोल से विजयी होकर चैंपियन बना। प्रतियोगिता में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में फुटबॉल लोकप्रिय खेलों में से एक है, जो शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी खेला जाता है। फुटबॉल ही एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के सभी अंग काम करते हैं। अगर उचित प्लेटफॉर्म मिले तो ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सभा को झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने भी संबोधित किया। वहीं, विजेता टीम को पूर्व विधायक अमित महतो एवं उपविजेता टीमों को मुस्ताक आलम समेत अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकी में विष्णु कुमार, बेस्ट खेलाड़ी विबेक महतो को पुरुस्कार दे कर समानित किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के 16 टीमें ने हिस्सा लिया। इसके अलावा मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया था। इस मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, सजिव डॉ हेमलाल मेहता, अध्यक्ष सह झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, उपेंद्र महतो, रविंद्र नाथ मुंडा क्लब के सचिव मिथुन चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष भागीरथ महतो, उपसचिव विष्णु चरण महतो, रणजीत सिंह, डॉ अखिल महतो, क्लब के सदस्य मनोहर महतो, दिलीप महतो, कार्तिक महतो, विषम महतो, विनोद महतो, महेंद्र महतो, अनिल बेदिया, अजीत महतो, मुकेश महतो, फेकना महतो, शंकर महतो, चैता महतो, दुलाल मोदक, दिलीप महतो, भीम महतो और भिरगुराम महतो आदि उपस्थित थे।

बुंडू के कांची में महापर्व हाई बुरू महोत्सव का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कांची में सोमवार को महापर्व हाई बुरू महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दिन सुबह नौ बजे पाहान घासीया मुंडा एवं चयन मुंडा द्वारा हाई बुरू पूजा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दल मुख्य रूप से आदिवासी संस्कृतिक रक्षा मंच-कुंदला, आदिवासी सांस्कृतिक दल बीरडीह के अलावा क्षेत्रीय कई सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। वहीं, नाच टीम द्वारा आदिवासी संस्कृति पारंपरिक नाच गान प्रस्तुत कर मेले में आए लोगों का मन मोह लिया। मेले में पारंपरिक हथियार की दुकान, मुर्गा लड़ाई के अलावे काफी संख्या में अन्य दुकानें लगी थी। इस मेले को सफल बनाने में आदिवासी समाज के विभिन्न समाज सेवी व गणमान्य लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम छत्तीसगढ़ रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में नाइन ए साइड फुटबॉल एसोसिएशन और क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ द्वारा 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 10वीं नेशनल नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की जूनियर और सीनियर टीम सोमवार को खूंटी से रवाना हुई। सीनियर टीम के खिलाड़ियों को बिरसा कॉलेज परिसर से रवाना किया गया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री अमित कुमार महतो, मंत्री गौतम नाग, राहुल कुमार महतो, किशोर साहू, लव साहू सहित अन्य खेल प्रेमियों ने अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर झारखंड की जूनियर टीम भी सोमवार को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्रा स्टेशन से रायपुर के लिए रवाना हुई। जूनियर बालक वर्ग टीम में करमचंद लकड़ा कप्तान, शुभम कुमार, हर्ष कुमार, शक्ति मुंडा, पवन भुइंया, बसंत उरांव, अमित महतो, अनमोल खलखो, आशुतोष कुमार, रोशन कुमार, सचिन कुमार कांसी, विकाश कुमार, शुभम कुमार साहू, अनिल बसंत टोपनो, सत्यम सिंह, रोशन सुरीन एवं डेविड सुरीन और कोच शिव कुमार महतो शामिल हैं।

पथरीले रास्ते पर एक किलोमीटर पैदल चलकर उलुंग जल प्रपात पहुंचे राज्यपाल

किसी जन्नत से कम नहीं उलुंग जल प्रपात: रमेश बैस

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ जल प्रपात और आसपास की प्राकृतिक छटा से राजयपाल इस कदर प्रभावित हुए कि वे खूंटी जिले के एक अन्य पर्यटन स्थल उलूंग जल प्रपात को निहारने से खुद को रोक ना सके। वे परिवार के साथ सोमवार को रनिया प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित दक्षिणी कोयल नदी के उलुंग जलप्रपात पहुंच गये। स्वजनों के साथ राज्यपाल पथरीले रास्ते पर लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य झरना स्थल तक पहुंचे। पत्थरों से टकराती कोयल नदी की कलकल करती धारा को देखकर राज्यपाल अभिभूत नजर आये। उनके स्वजनो ने मुख्य झरना के गिरती धारा से खूब मस्ती की और तैराकी का लुत्फ उठाया। वहीं,

पथरीले पथ पर पैदल चलकर उलुंग जल प्रपात देखने पहुंचे राज्यपाल रमेश बैस।

जलप्रपात पहुंचने पर राज्यपाल का दाहू पंचायत के मुखिया रीमिक्स कंडुलना और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मुंडारी भाषा में पारंपरिक स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। उबड-खाबड रास्ते पर बहते नाले के कारण राज्यपाल की कार जलप्रपात तक नहीं पहुंच सकी। राज्यपाल ने खूंटी के डीसी शशिरंजन से जलप्रपात से जुड़ी बातों की जानकारी ली। राज्यपाल के आगमन को लेकर विधि व्यवस्था की व्यवस्था काफी दुरुस्त थी। खूंटी एसपी अमन कुमार अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान,अभियान एसपी रमेश कुमार, एसडीपीओ तोरपा ओमप्रकाश तिवारी, सर्किल इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी उषा मुंडू के साथ पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, पंकज कुमार, सत्यजीत कुमार, संदीप कुमार, रोशन कुमार सहित जिले के कई छोट- बड़े अधिकारी पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे।

पहाड़ों की वादियां हैं आकर्षण का केंद्र

मणि और सहाय दो पहाड़ियों के बीच से बड़े पथरो और छोटे चट्टानों के मध्य रास्ता तलास कर बहती कोयल नदी सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर खींच लेती हैं। सैलानी कहते हैं कि आप कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ों की वादियां में घूमने का आनंद लेना चाहते हैं तो उलुंग जकार इस हसरत को पूरा किया जा सकता है। कल-कल करते छोटे छोटे झरने और सैकड़ों की संख्या में पत्थरों से टकराती जलधारा की मनमोहक आवाज पर्यटकों को गजब का सुकून देती हैं।

सिल्ली : सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली में रांची पुरुलिया मार्ग पर बूढाम के निकट रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान सुमन महतो (21) और राजू महतो (22) के रूप में हुई है। दोनों पश्चिम बंगाल के तुलिन ओपी क्षेत्र स्थित बनडीह के रहने वाला थे। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकाशदीप घटनास्थल पर पहुंच गए। बताया कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर सिल्ली से बूढाम की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। इस घटना में सुमन महतो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रुप से घायल राजू महतो को रिम्स भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक चालक की लापरवाही से घटना घटी है। इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने नष्ट किया 300 किलो जावा महुआ

तमाड़ (आजाद सिपाही)। एसएसपी के निर्देश पर तमाड़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की सुबह सारजमडीह गांव में छापामारी कर करीब 300 किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने के सामान और भट्टी को भी नष्ट कर दिया। बतातें चलें कि तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थानेदार ने अभियान चलाकर शराब को नष्ट किया।

बुंडू डीएसपी की पिटाई से घायल युवक से मिलने पहुंचा डालसा का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

बुंडू। विगत 19 दिसंबर को बुंडू डीएसपी की बेरहमी से पिटाई में घायल महावीर मंदिर रोड निवासी उज्जवल कुमार से मिलने सोमवार को डालसा का एक प्रतिनिधिमंडल उसके घर पहुंचा। उससे मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद अब तक पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। बतातें चलें कि गत 22 दिसंबर को इस मुद्दे को लेकर न्यायालय में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, झारखंड के डीजीपी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए डीआइजी को जांच का आदेश भी दिया है। डीआइजी द्वारा जांच पड़ताल किया गया, लेकिन

अब तक डीएसपी के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे आम लोगों में उबाल है। डालसा के अनीमा मल्लिक और नंदा नायक द्वारा जल्द ही डालसा के सचिव को जांच रिपोट देने की बात कही गई। वहीं, पीड़ित उज्जवल कुमार के आवास पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियां पहुंचकर खेद व्यक्त कर रहे हैं। पीड़ित परिवार न्याय की आस में बैठे हैं। गौरतलब है कि पीड़ित का एक परिवार के साथ जमीन का विवाद चल रहा है। इसे लेकर ही उज्जवल कुमार ने वरीय पदाधिकारियों को आवेदन दिया था, जिससे डीएसपी नाराज थे। पीड़ित की ओर से वरीय अधिकारीयों को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

विधायकों ने उठाया लतरातू डैम में नौका विहार का लुत्फ

खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य के पांच विधायकों नीलकंठ सिंह मुंडा (खूंटी), अमर बावरी (चंदनकियारी),नवीन जायसवाल (हटिया), आलोक चौरसिया (डालटेनगंज) और केदार हाजरा (जमुआ) ने सोमवार को खूंटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल लतरातू डैम में नौका विहार का आनंद लिया और प्राकृतक छटांओं का लुत्फ उठाया। इसके पूर्व पांचों विधायक सोनमेर माता के मंदिर पहुंचे और उशभूती दुर्गा की पूजा की। लतरातू

जलाशय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी विधायकों का जोरदार स्वागत किया। लतरातू डैम और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए विधायकों ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है। मौका मिला तो वे फिर यहां आयेंगे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, खूंटी जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, दिलीप सिन्हा, कर्रा मंडल अध्यक्ष बालकिशुन महतो, बिनोद नाग, कलिंदर राम, सुरेश जयसवाल, जनार्दन मिश्रा, कंचन सिंह, विनोद नाग आदि थे।

तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी की मौत

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी हरेंद्र प्रसाद (59) का रविवार की रात तबीयत खराब होने से निधन हो गया। वह विद्युत एवं यांत्रिक विभाग में फोरमैन के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार अचानक तबीयत खराब होने पर हरेंद्र प्रसाद को इलाज के लिए बचरा क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में हरेंद्र ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को पुनः बचरा अस्पताल लाया गया।

पद्मभूषण कड़िया मुंडा व कोचे मुंडा सरीखे लोगों ने रखी थी नींव

शिक्षा का अलख जगा रहा सुंदारी डीएवी स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा प्रखंड के जनजातीय बहुल सुदूरवर्ती गांव सुंदारी में संचालित महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल ने अल्प समय में ही पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान बना ली है। उक्त स्कूल में सुंदारी और आसमपास के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। यही नहीं, उक्त विद्यालय में बच्चों को कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जा रही है। विछले दिनों पैराडाइज संस्था रांची की ओर से विद्यालय को आठ कंप्यूटर दिये गये थे। विद्यालय का संचालन सर्वांगीण ग्रामीण विकास संस्था द्वारा किया जाता है। बेला मुंडा के घर में

विद्यालय की शुरूआत की गई थी। उस समय आचार्य बेला मुंडा आरएसएस के जिला शारीरिक प्रमुख और विस्तारक सिमड़ेगा थे। डॉ निर्मल सिंह संघ के संपर्क प्रमुख थे। पद्मभूषण कड़िया मुंडा, एनडी ग्रोवर, विधायक कोचे मुंडा, डॉ निर्मल सिंह, संबल प्रधान, और सुरेंश मांझी, परमेश्वर साहू, खूंटी लक्ष्मीनाथ सिंह, अभिमन्यु सिंह, नारायण साहू, जतन साहू और रामलगन सिंह के अथक प्रयास से 2005 में विद्यालय की शुरुआत हुई। बाद में आर्य समाज रांची, श्रीहरि वनवासी विकास समति ने भी विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिलहाल विद्यालय में 400 छात्र हैं, जिनमें 80 फीसदी जनजातीय समाज के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।

सफलता का रास्ता खोलता है कंप्यूटर : अशोक

संस्था को कंप्यूटर उपलब्ध कराने वाली संस्था पैराडाइज के अशोक अग्रवाल ने कहा कि पैराडाइज संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। संस्था आपसी सहयोग से शिक्षा और चिकित्सा के लिए मदद करती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर का सबसे बड़ा योगदान है। कंप्यूटर का ज्ञान शिक्षा में तो मदद करता ही है, जीवन में सफलता का रास्ता भी खोलता है। वहीं, प्राचार्य अनिल मांझी ने कहा कि स्कूल में कंप्यूटर लैब खुल जाने से यहां के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि डॉ निर्मल सिंह के अथक प्रयास से सुंदरी जैसे पिछले गांव में डीएवी स्कूल संचालित हो रहा है।

महत्वपूर्ण न्यूज

पंचायत सहजकर्ता दल के तीसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में जन योजना अभियान 2022-23 के तहत पंचायत सहजकर्ता दल का तीसरे चरण के प्रथम दीन का प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्यवक 15वां वित्त आयोग असित कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जेएसएलपीएस जया कुमारी एवं प्रखंड समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमोद कुमार उपस्थित थे। जन योजना अभियान के तहत वर्ष 2023-24 के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत संसाधन दल का प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत को नौ गोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैसी, जल प्रयाप्त गांव, स्वच्छ एवं हरा भरा गांव, अत्मिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन गांव, महिला हितैसी वाला गांव बनाने को लेकर जानकारी दी गयी। पंचायत संसाधन दल में संबंधित पंचायत के दो वार्ड सदस्य, वीपीआरपी के दो सदस्य, एक स्वस्थ सहिया, एक जल सहिया, एक मनरेगा मेट एवं संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव/रोजगार सेवक एवं पंचायत के मुखिया शामिल हैं।

सविमं कटकट्टा में वीर बाल दिवस का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में सोमवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संजीत कुमार सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को वीर बालक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं, छात्र छात्राओं ने भी वीर बाल दिवस पर अपने-अपने विचार पेश किए। वक्ताओं में निकिता, साक्षी, राधिका, प्रियांशु, रेखा, मोनिका, अभिनय, नवनीत, ष्वेता, किरण आदि शामिल है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले बाल सेना के बारे में प्रकाश डाला और धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संध्या सिन्हा, पूनम पाठक, गौरी शंकर कामिला, श्रीकांत शर्मा, गोविंद कुमार चौहान, दिलीप कुमार शर्मा, डॉ रजनीकांत पाठक आदि थे।

हुटाप मुखिया ने रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर सांसद को भेजा पत्र

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हुटाप पंचायत के मुखिया शिवरत मुंडा ने रांची सांसद संजय सेठ को एक पत्र प्रेसित कर हुटाप पंचायत में रेलवे अंडरपास निर्माण कराने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि हुटाप पंचायत के बीचों बीच रेलवे मार्ग है। प्रतिदिन मुंडाधौड़ा, हुटाप, हुटाप मोड़, धवईटांड, छापरटोला, भैसादोन, जोराकाठ, दुल्ली एवं केदल के सैंकडो ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे रेलवे लाइन को पार क रते हैं। ग्रामीण व स्कूल बच्चे विद्यालय, बैंक, पोस्ट आफिस, प्रखंड कार्यालय एवं साप्ताहिक हाट जाने के लिए रेलवे लाइन से होकर गुजरते है, जो जोखिम भरा होता है। दुर्घटना कि संभावना हमेशा बनी रहती है। बताया कि रेलवे लाइन का विस्तारीकरण कार्य भी जारी है। इससे रेलवे लाइन को क्रॉस करने वाले ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के लिए खतरा बढ़ गया है। उन्होने समस्याओं को देखते हुए रेलवे मार्ग के नीचे से एक अंडरपास पुलिया का वैकल्पिक मार्ग निर्माण कराने का आग्रह किया है।

योजना बनाओ अभियान के तहत तुमांग पंचायत भवन में हुआ ग्रामसभा का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग पंचायत भवन धमधमिया में सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान बलकु मुंडा ने की। जबकि संचालन नरेश गंझू ने किया। ग्राम सभा में वर्ष 2023-24 का योजना बनाने के लिए एक जनवरी 2023 से प्रारंभ होने वाले योजना बनाओं अभियान के तहत टाइड, अनटाइड और मनरेगा योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें पेयजल, शौचालय, रोड, नाली, बस स्टैंड, कुआं, मुर्गी शेड, बकरी शेड, डोभा आदि संबंधित कार्यों को धरातल पर लाने के लिए विषेश रूप से चर्चा हुई। ग्राम सभा में मुख्य रूप से मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत सेवक महावीर महतो, उपमुखिया कौलेश्वर मुंडा, पंसस सहदेव महली, वार्ड सदस्य बसंती टोपो, शांति कुमारी, जलसहिया मीनी देवी, आंगनबाड़ी सेविका पदमा देवी, जेएसएलपीएस नागेश्वरी देवी, रूबी देवी, बंसत महतो, अमर साव, रामलगन मुंडा, नरेश गंझू, राजेश गंझू, पंकज मुंडा, सीमा कुमारी, नंदनी कुमारी, विनय उरांव, मनोज साव आदि थे।

लपरा में गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। कांके विधायक समरीलाल के सौजन्य से सोमवार को मैकलुस्कीगंज में कंबल का वितरण किया गया। भाजपा नेताओं ने लपरा पंचायत के राजीव नगर लपरा में गरीब और असहाय लोगों के बीच 15 कंबल वितरण किया। विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र पांडेय ने बताया कि ठंढ के मौसम को देखते हुए विधायक के सौजन्य से पूरे भाजपा की ओर से खलारी प्रखंड में गांव-गांव जाकर गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, जितेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, महामंत्री अनिल गंझू, शशि प्रसाद साहू, मनोहर यादव, अंतू लोहरा शामिल थे।

अशोका परियोजना में मनाया गया 65वां खान सुरक्षा सप्ताह

पिपरवार (आजाद सिपाही)। अशोका परियोजना में सोमवार को 65 वां खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजित हुआ। 19 से 28 दिसंबर तक चलने वाले खान सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों के साथ मुख्यालय से आए अधिकारियों की टीम ने अशोका खुली खदान का निरीक्षण किया। इसके बाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसकी अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया। कार्यक्रम में पिपरवार के महाप्रबंधक सीबी सहाय के साथ स्थानीय अधिकारियों ने सभी आगंतुक पदाधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि देश में विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयां चलती है, लेकिन खनन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें प्रकृति के विरुद्ध कार्य करना पड़ता है। जिससे इस क्षेत्र में ज्यादा जोखिम की संभावना बनी रहती है। इसीलिए 1967 में खान सुरक्षा महानिदेशालय का गठन किया गया। मौके पर हनुमंता राव डीडीएमएस, आईएसओ से मनीष मोहन आदि मौजूद थे।

जुलाई और दिसंबर महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने से राशन डीलरों ने किया प्रखंड मुख्यलय का घेराव

मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के लगभग सभी दुकानदार सोमवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया। घेराव के बाद बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। जन वितरण दुकानदार प्रणाली के संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक ने बताया कि डीलरों को इस बार जुलाई और दिसंबर महीने का खाद्यान्न अभी तक नहीं दिया गया है। जिसके कारण वह लाभुकों को जवाब दे पाने में असमर्थ हैं। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भी इस मामले को लेकर कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। डीलरों का कहना था कि यदि सात दिनों के अंदर बकाए खाद्यान्न की आपूर्ति उन्हें नहीं की जाती है, तो वह प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर काम रोको आंदोलन करेंगे। इसकी सारी जवाबदेही विभागीय अधिकारियों की होगी। मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांवों के राशन डीलर उपस्थित थे।

सिकिदिरी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापामारी कर भारी मात्रा में महुआ शराब नष्ट किया

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि व एस आई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कुच्चू पंचायत के कई गांवों में अवैध शराब छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने वाला महुआ का जावा को सिकिदिरी पुलिस ने नष्ट किया। सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि ने बताया कि आये दिन अवैध जहरीली शराब से अन्य राज्यों में कई लोगों की जान जा रही है। नव वर्ष में अवैध शराब से क्षेत्र में अन्य राज्यों की तरह इस राज्य में भी कोई घटना ना हो। इसे तत्परता से लेते हुए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातारअवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाएगा।

अमर शहीद जीतराम बेदिया की जयंती धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के बीसा पंचायत में शहीद जीतराम बेदिया की जयंती आगामी 30 दिसंबर को भव्य तरीके से मनायी जाएगी। तैयारियों की जानकारी देते हुए अमर शहीद जीतराम बेदिया स्मारक समिति के अध्यक्ष जिवधन बेदिया ने बताया कि इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संध्या में नागपुरिया गीत-संगीत का भी कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप आमंत्रित किए गए हैं। मालूम हो कि हाल ही में विधायक राजेश कच्छप द्वारा शहीद जीतराम बेदिया की आदमकद प्रतिमा का रंग-रोगन एवं स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया है।

तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला को लेकर कमेटी का गठन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। स्वर्णरेखा उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप मेला टिकरा ऐतिहासिक तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला को लेकर सोमवार को क्षेत्र के वरीय समाजसेवी तपेश्वर केसरी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला के विषय पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर सभी लोगों ने सर्वसम्मति से 12 जनवरी 23 से लेकर 14 जनवरी 23 तक स्वर्णरेखा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। इसके संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में जमशेदपुर के विधायक सरजू राय, संरक्षक- समाजसेवी लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, दौलतराम केसरी, केशव भगत सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं अध्यक्ष के रूप में तपेश्वर केसरी एवं महामंत्री के रूप में चूड़ामणि महतो का चयन किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष- प्रदीप कुमार महतो, हेमंत केसरी, शहीद अहमद, सुरेश साहू, हाजी साकिर अहमद, कमलेश केसरी, अब्दुल गफ्फार, प्रताप फुलजेंस सिंह, निशांत भगत, सुरेश महतो, राजेंद्र महतो, नगड़ी मुखिया जय गोपाल उरांव उर्फ मनजीत उरांव, देवरी मुखिया विजेता कच्छप, पूर्व मुखिया मंजू कच्छप, साहेर मुखिया परदेसिया तिर्की और पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, नारो मुखिया आशा किस्पोट्टा, पूर्व मुखिया पंचम प्रेम किस्पोट्टा, नारो पंसस अनीता देवी, सचिव- भोला महतो और इमरान अंसारी, प्रचार मंत्री के रूप में शिव चौधरी, राज चौधरी और मनोज भगत का चयन किया गया है।

बेड़ो में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

बेड़ो (आजाद सिपाही)। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित जरिया गांव के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से इसी थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी 22 वर्षीय युवक मेराज राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना रविवार की रात करीब दो बजे की है। वहीं इस संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल से शव को बरामद कर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर मृतक की पहचान उसके स्वजनों ने किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पिठोरिया पुलिस ने अवैध देसी शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाया अभियान

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। एसएसपी रांची के निर्देश पर सोमवार को पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा अवैध देसी शराब बनाने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाए गया। पिठोरिया के अंबाटोली में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बनाने वाले मकान में छापामारी कर तीन क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ अभी अभियान लगातार जारी रहेगा। नशा के कारोबारियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा और उन पर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

कार्यक्रम : धरनास्थल पर आंदोलनकारियों ने भजन कीर्तन, महाआरती और भंडारा का किया आयोजन

मांगें पूरी नहीं हुई तो हजारों की संख्या में ग्रामीण करेंगे आमरण अनशन : भैरव सिंह

पिछले 35 दिनों से नयासराय के मुड़मा गांव के मंदिर और तालाब के मार्ग को बचाने के लिए ग्रामीण दे रहे हैं अनिश्चितकालीन धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। पिछले 35 दिनों से नयासराय के मुड़मा गांव के देवी मंडप रोड़ में स्थित बूढ़ा महादेव, देवी मंडप और धार्मिक आस्था के केन्द्र बने तालाब के मार्ग को बचाने के लिए नयासराय, मुड़मा के लिए दर्जनों ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी सिलसिले आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को बूढ़ा महादेव स्थल में आंदोलनकारियों की अगुवाई में भजन कीर्तन, महाआरती और भंडारा का आयोजन किया गया।

मौके पर पंडित मनोज तिवारी ने मंत्रोच्चारण एवं विधिविधान से सत्यनारायण कथा के साथ संगीतमय सुन्दर कांड का सस्वर पाठ कराया। इसके पश्चात महाआरती की गयी।

मौके हिन्दूवादी नेता सह समाजसेवी भैरव सिंह ने कहा झारखंड की सरकार को गांव के लोगों की चिंता नहीं है। आज एक महीना से लोग अपनी जमीन को बचाने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे हैं, पर आज तक किसी ने उनके आंदोलन की ओर ध्यान नहीं दिया। तुष्टीकरण की नीति पर चल रही झारखंड सरकार मुड़मा के हजारों निवासियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। अगर यही मांग अल्पसंख्यक समुदाय के लोग करते तो सरकार उस पर तुंरत कार्यवाही करती। यह सरकार हिंदुओं के साथ सौतेला व्यवहार करने पर उतारु है। ऐसा नहीं चलेगा। हक और अधिकार अब ग्रामीण अपनी जान देकर लेंगे, जिसकी जिम्मेवारी झारखंड सरकार पर होगी। अगर आईआईएम और गेल कंपनी मूल निवासियों को उनकी आस्था का केंद्र के लिए मार्ग नहीं देंगी तो हजारों की संख्या में आंदोलनकारी आमरण अनशन को विवश होंगे। जल्द ही ग्रामीण धरना स्थल पर आमरण अनशन की घोषणा करेंगे।

इधर आंदोलन में बैठे दर्जनों मुड़मा निवासियों ने कहा कि नगड़ी प्रखंड के सभी गांव के भजन मंडली और सनातन धर्म के लोग सनातनी धर्म मार्ग को बचाने के लिए एकजुट होकर हमारा समर्थन करें।

इधर ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा आंदोलन दिन-रात अनवरत चलता रहेगा। हमारी एकमात्र मांग है कि नयासराय के मुड़मा गांव में बन रही आईआईएम और गेल इंडिया कंपनी के अधिकारी हमारी आस्था के मार्ग पर बन रही चारदिवारी को हर हाल में बंद करें। बूढ़ा महादेव और नयासराय मुड़मा का तालाब हमारी जान है।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, प्रेमसागर महतो, मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना प्रवीण, नयासराय गांव के वरीय समाजसेवी शंभु नाथ देवघरिया, मेघनाथ महतो, समाज सेविका सह पूर्व पंसस श्वेता देवी, लक्ष्मी मिर्धा, हरि नाथ महतो, कर्मा उरांव, बिजू महतो, शिव शंकर बैठा, मृत्युंजय बर्मन, पुष्पा देवी, सोमरी मुंडाइन, प्रभा देवी, कलावती देवी, लीलावती देवी, राधा देवी, रूपन देवी, अमरदीप महतो, पंचम कुर्मी, ज्योति देवी, सीता देवी, गीता देवी, राजू राजवार, मनोज महतो, धीरज महतो, सुधु मुंडा, देवनाथ महतो, लखन महतो, राम विजय महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

जिंदगी और मौत से जूझ रहे किशुन महतो को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने की मांग

सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे व हरसंभव सहयोग करने का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रखंड के चतरा गांव निवासी किशुन महतो किडनी रोग से ग्रसित हैं। पहले इनका इलाज रांची के हेल्थ प्वाइंट अस्पताल में चल रहा था। जहां स्थिति में कोई सुधार नहीं होता देख बेहतर इलाज के लिए उन्हें कोलकाता ले जाया गया। कोलकाता ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था तौहिद आलम ने की थी। मालूम हो कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। बताया जाता है कि कृषि कार्य से परिवार का किसी तरह भरण-पोषण होता है। ऐसे में यह परिवार बेहतर इलाज के लिए सक्षम नहीं है। सूचना पाकर सोमवार को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे तथा उनकी पत्नी फुलमनी देवी को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया।

मौके पर मुस्तफा अंसारी ने झारखण्ड सरकार से मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान योजना एवं आयुष्मान योजना से पीड़ित परिवार को लाभान्वित करने की मांग की ताकि एक गरीब की जिंदगी को बचाया जा सके। मौके पर हेमंत वर्मा, तौहिद आलम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

हाइटेंशन टावर का लोहा चोरी कर ले जाते दो गिरफ्तार

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को दो तार चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शमशाद अंसारी एवं एजाज अंसारी हाईटेंशन टावर के लोहा को काटकर अपने टीवीएस मोटरसाइकिल से लेकर जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। 29 वर्षीय शमशाद अंसारी जामताड़ा के प्यारी गांव का रहने वाला है एवं वर्तमान में हाई स्कूल मोहल्ला में एजाज अंसारी के मकान पर किराए पर रहता था। वही 48 वर्षीय एजाज अंसारी नगड़ी के हाई स्कूल मोहल्ला का निवासी है।

भाजपा नेता सह समाजसेवी अर्जुन महतो ने 255 गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

ठाकुरगांव। थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में भाजपा के वरीय नेता सह समाजसेवी अर्जुन महतो के द्वारा 255 गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण किया। वितरण मुख्य अतिथि भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम, जिप सदस्य सुषमा देवी, मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी ने किया। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीबो को कंबल मिलने से काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्यवासियों को केवल हसीन सपने दिखा रही है। वहीं जिप सदस्य ने कहा कि जिन कार्यों को सरकार को करना चाहिए उन्हें समाजसेवियों को करना पड़ रहा है।इस अवसर पर जलेश्वर महतो,सुरेश महतो,रणविजय शाहदेव,जनार्दन साहु समेत अन्य मौजूद थे।

बैठक : रातू पुरियो पंचायत में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन

अकाश भगत अध्यक्ष व परवेज अंसारी बने सचिव

उपाध्यक्ष- दिवाकर उरांव, सोनू उरांव, कोषाध्यक्ष- अजीज अंसारी, संगठन सचिव शाहिल किस्पोटा व फरहान अंसारी बने सह सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। प्रखंड के पूरियो में सोमवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से अकाश भगत को अध्यक्ष व परवेज अंसारी सचिव बनाया गया। इसके अलावा दिवाकर उरांव, सोनू उरांव को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अजीज अंसारी व संगठन सचिव शाहिल किस्पोटा को तथा फरहान अंसारी को सह सचिव बनाया गया।

इसके अलावा सूरज भगत, आजाद अंसारी, संजय भगत, गुलजार अंसारी, सोमा उरांव, तबारक अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया है। कार्यक्रम में पहना तिर्की साहिल अंसारी देवनाथ, संजय भगत, मंगल टोप्पो, संजय उरांव बी.के. किस्पोट्टा रंजन उरांव, मुन्ना उरांव, कारण किस्पोट्टा, बिरसा उरांव, सुशील किस्पोट्टा, अख्तर हुसैन सूरज उरांव, सावन उरांव, चंद्रदीप उरांव आबिद अंसारी व दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

टाटीसिलवे पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर 400 किलो जावा महुआ किया नष्ट

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के बुढ़ीबेड़ा एवं ढेलवाखुटा जंगल में टाटीसिलवे पुलिस ने सोमवार की सुबह छापेमारी कर शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुये 400 किलो जावा महुआ भी नष्ट किया। पुलिस जब वहां पहुंची तो भट्ठी में शराब निर्माण किया जा रहा था। पुलिस को देखते ही शराब निर्माण में लगे लोग वहां से फरार हो गये और पुलिस ने वहां रखे सभी बर्तन को क्षतिग्रस्त कर भट्ठी तोड़ डाला। पुलिस को वहां अवैध शराब निर्माण करने की सूचना मिलते रहती है। पुलिस वहां पहुंचकर भट्ठी ध्वस्त करती है। इसके बाद भी फिर से वहां कारोबार शुरू कर दिया जाता है।

घर से निकला युवक लापता, परिजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया

नामकुम (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम जरेया मरोडीह निवासी सोमा मुंडा कुछ दिन पूर्व घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने सोमवार को नामकुम थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार जरेया निवासी स्व. हगरु मुंडा का पुत्र सोमा मुंडा (33) 13 दिसंबर शाम को घर से पैदल कहीं चला गया। लेकिन वापस नहीं लौटा। खोजबीन कर थक चुके परिजनों ने सोमवार को नामकुम थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया।

जानवरों को बचाने के क्रम में कार गड्ढे में गिरी, कोई हताहत नहीं

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। हुंडरू फॉल अनगड़ा पथ पर खभावन बाजार के समीप सोमवार की शाम में जानवर को बचाने के क्रम में कार गड्ढे में जा गिरी। कार में भाई एवं बहन तीन लोग सवार थे। जिसमें डेली मार्केट निवासी वैभव शर्मा, मुस्कान शर्मा व नेहा शर्मा बैठे हुए थे। जानकारी के अनुसार तीनों भाईबहन हुंडरू फॉल घुमने पहुंचे थे। रांची लौटने के क्रम में कार नं. जेएच 01 ई आर 7177 जानवर को बचाने के क्रम में खभावन बाजार टांड़ के समीप गड्ढे में उतर गयी। सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि व एसआई अरूण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार को गड्ढे से निकलवाया व मालिक को सौंपा। घटना में कार में बैठे लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

9वीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी के पांचवें दिन टाटीसिल्वे एफसी टीम हुई विजयी

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित 9वीं सदभावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी का पांचवें दिन टाटीसिल्वे एफसी व बीपीएसएस दुबलिया के बीच मैच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल कर बराबरी पर रही। पेनाल्टी शूटआउट में टाटीसिल्वे की टीम 5-3 से विजय रही। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टाटीसिल्वे के हेमंत महतो को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप आशा मेटालिक प्रालि सांडी के प्रबंधक नीरज साहू, विशिष्ट अतिथि हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश यादव, शिवधर रजवार, फारूक खान, चमरू बेदिया, नीलमोहन पाहन, नंदलाल राम, श्यामसुंदर बेदिया, गोपाल महतो, जगदीश रजवार, रंथुवा मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा ओरमांझी मंडल ने जरूरतमंद वृद्धों के बीच किया कंबल वितरण

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। सदमा पंचायत में भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के सौजन्य से समाज के जरूरतमंद वृद्ध असहायों लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम व्यक्ति तक विकास देखना चाहती है। समाज में बहुत से वृद्ध असहाय ठंड में दम तोड़ देते हैं। मनुष्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है। हम सभी को उनकी वृद्धावस्था पर सोचने की जरूरत है। ऐसे व्यक्तियों की सेवा करने से दिल को सुकून मिलता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संग प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, उपाध्यक्ष रजधाम साहू, सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव, चेतू मुंडा, गंसू महतो, सिकंदर महतो, वरुण कुमार, अशोक पहान, अरविंद महतो, शशि मेहता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिप सदस्य ने निजी कोष से दिव्यांग को ट्राइसाइकिल व वृद्धों को दिये कंबल

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के बेयासी पंचायत के मदई गांव में रविवार शाम को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने निजी कोष से चंदा उरांव को ट्राई साइकल दी। चंदा उरांव दिव्यांग है। वह चलने में असमर्थ है। किंतु गरीबी के कारण ट्राइसाइकिल नहीं खरीद पा रहा था। ऐसे में जब आशुतोष तिवारी को पता चला तो उन्होंने अपने कोष से एक ट्राइसाइकिल खरीद कर दी। वहीं उपस्थित वृद्ध लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया। इस मौके पर उदय नारायण सिंह, फिरोज अंसारी, जावेद खान समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जिले में अवैध खनन को लेकर डीसी की बड़ी कार्रवाई

विभिन्न अंचलों में अवस्थित 11 खननपट्टों को किया रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में अवैध खनन को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 खननपट्टों को रद्द कर दिया है। इनमें जिले के पाटन, नौडीहाबाजार, सदर मेदिनीनगर, छतरपुर, चैनपुर, हरिहरगंज अंचलों के पत्थर खदान शामिल हैं। इनके विरुद्ध उपायुक्त को शिकायत मिली थी जिसका संज्ञान लेकर स्थल जांच करायी गयी। रद्द किए गये खननपट्टों के विरुद्ध अनियमितता, लंबे समय से लंबित राजस्व बकाए जैसी शिकायतें मिली थी। वहीं कुछ खनन लीजधारकों के विरुद्ध स्थानीय लोगों के द्वारा उपायुक्त से मिलकर भी शिकायत की गयी थी। ज्ञातव्य है कि बीते 9 नवंबर को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में गढ़वा एवं पलामू जिले के संयुक्त पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया था।

उपप्रमुख ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा/पलामू। सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय पर सतबरवा उप प्रमुख कामाख्या यादव ने हाईकोर्ट में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। कोर्ट ने मामला एक्सेप्ट कर नोटिस जारी किया है। उप प्रमुख कामाख्या यादव ने बताया कि मेरे ऊपर एक केस था, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा 4 महीने का स्टे आर्डर मुझे मिला था। इसके बावजूद कोर्ट के ऑर्डर को नजरअंदाज करते हुए मुझे थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय ने 3 सितंबर 2022 को थाने में बुलाकर 5 से 6 घंटे तक बैठाया और छोड़ने के एवज में बीस हजार रुपया लिया। जिससे मैं, आहत होकर उच्च अधिकारियों से संपर्क साधा, मगर इस पर कोई कार्रवाई या संज्ञान नहीं लिया गया । इससे दुखी होकर हमने न्यायालय का शरण लिया। जहां 23 नवंबर 2022 को हमने केस दर्ज कराया । जिसे हाईकोर्ट ने एक्सेप्ट कर लिया और नोटिस जारी किया है।

किड्सजोन स्कूल हैदरनगर में क्रिसमस प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हैदरनगर के किड्सजोन पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को क्रिसमस प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के क्रिसमस सजावट जैसे सांता, क्रिसमस ट्री को विभिन्न सामग्रियों द्वारा रोचक ढंग से सुसज्जित कर मनमोहक प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रथम अरीबा एमन, द्वितीय अफ्शा प्रवीण एवम तृतीय स्थान पर जिकरा खान रहीं। वही एलकेजी से अलीजा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।बिद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया।मौके पर बिद्यालय के निदेशक कामरान खान ने कहा कि क्रिसमस के अवसर पर प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं को पर्व त्योहार के अवसर पर प्रोजेक्ट तैयार करने से उत्सव के साथ -साथ मानसिक विकास भी होता है।साथ ही उन्होंने इस अवसर पर सभी बच्चों को ईसा मसीह के शिक्षाओं और उपदेशों के बारे में भी बताया, कि हमें हर अच्छी बातों को ग्रहण करना है और दूसरों को भी अच्छी बातों की ओर बढ़ाना सिखाना है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म विश्व कल्याण और विश्व शांति के लिए हुआ था। उन्होंने हमें मानव सेवा और परोपकार करने का संदेश दिया था। मौके पर बिद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राए मौजूद थे।

तरहसी के रंगरोगन मामले में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों पर जल्द हो कार्रवाई : रूद्र शुक्ला

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला के तरहसी प्रखण्ड अन्तर्गत रंगरोगन के मामले लगातार सुर्खियों में रहने के कारण मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने इस मामले का औचक निरक्षण करने बीआरसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू से बातचीत की बातचीत के दौरान जवाब संतोषजनक पाए जाने के बाद श्री शुक्ला ने साफ लहजों में बीआरसी में चल रहे रंग रोगन के नाम पर भ्रष्टाचार को जल्द से जल्द खत्म करने की बातें कहीं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने बताया कि इस शिक्षा के पवित्र मंदिर को जो भी पदाधिकारी कलंकित कर रहे हैं उन्हें बख्शा नही जाएगा चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जायगी। रूद्र शुक्ला ने जांच के दौरान आखिरकार विद्यालयों में बगैर एमआरपी वाले पैकेट किस हार्डवेयर से उठाव हो रही है उसकी भी जांच की जानी चाहिए ताकि इस तरह के भ्रष्टाचार पर विराम चिन्ह लग सके और दोषियो पर करवाई हो। और इस तरह की बातों की पुनरावृत्ति शिक्षा के मंदिर में ना हो यही आसा करूंगा।

आज लेस्लीगंज में रहेंगे सीएम

पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को आईआरबी के 9 प्रशिक्षु जवानों की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे इनके साथ डीजीपी नीरज सिन्हा प्रशिक्षण के डीजे अनुराग गुप्ता आईजी प्रिया दुबे कमांडेंट चंदन सिन्हा भी होंगे कार्यक्रम पलामू के लेस्लीगंज स्थित बटालियन में होगा समारोह 11:00 बजे दिन से आयोजित है ।

चतरा सांसद एवं पांकी विधायक ने तीन विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी (पलामू)। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह एवं पाकी विधायक कुशवाहा डां शशिभूषण मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार की दोपहर से देर शाम तक पाकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कुल तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। सर्वप्रथम चतरा सांसद के पाकी पहुंचने पर विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद पांकी अमानत बराज के समीप अंबाबार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ढाई किलोमीटर लंबी सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। जिसके बाद माडन पंचायत के अहीर गुरहा में दो किलोमीटर लंबी सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा सांसद ने झारखंड सरकार के क्रियाकलापों पर कई सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को झारखंड के किसानों,गरीबों की चिंता नहीं है। उन्हें सिर्फ अपनी चिंता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से आवंटित राशि को भी राज्य सरकार विकास कार्य हेतु खर्च नहीं कर रही जिससे झारखंड का विकास रुका हुआ है। इस दौरान उन्होंने स्थल पर उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि पांकी विस समेत पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है। वह लोगों की आवश्यकता अनुसार हर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे,अमरनाथ गुप्ता, भाजपा नेता शंकर प्रसाद, ललित मेहता, संजय चंद्रवंशी,बच्चन ठाकुर, रौशन सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता, मिनटी वर्मा, प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सुरेंद्र सिंह,सुनील प्रसाद गुप्ता, राजदेव मेहता, जय किशोर गुप्ता, श्याम नंदन ओझा, कार्तिक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

शिशु विद्या मंदिर जपला में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के सभागार में वीर बाल दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी घोषणा इसी साल जनवरी में सिखों के 10 वें गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर की थी।पीएम मोदी ने इसकी घोषणा करते हुए इसे गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि बताया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे तथा वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने वीर साहिबजादों के चरणों में नमन करते हुए कहा कि देश के स्वाभिमान के लिए उन्होंने बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों ने साहस और देशभक्ति के साहसिक कार्य किये देश व धर्म की रक्षा के लिए वे शहीद हो गए। जोरावर सिंह व फतेहसिंह जी को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया। इन बाल वीरों की उम्र क्रमशः 9 वर्ष तथा 6 वर्ष थी।दोनों का शौर्य व बलिदान इतिहास में अमर हो गया। वे दोनों ने धर्म के महान सिद्धान्तों से विचलित होने के बजाय मौत को चुन साहस और न्याय की स्थापना की।वीर बाल दिवस भारतीयों को दुनिया में अपनी पहचान पर गर्व करने के लिए सशक्त करेगा। वहीं वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चारों साहिबजादों की बहादुरी ने देश के लाखों लोगों को ताकत दी है।अन्य धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें कम उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था।उन्होंने अपनी वीरता और अपने आदर्श से एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर दिया, जो आज भी हर किसी के लिए अनुकरणीय है। गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों ने इस देश की खातिर, अपने धर्म की खातिर हंसते-हंसते अपना बलिदान कर दिया।उन्होंने सौहार्दपूर्ण विश्व की कल्पना की।वीर बाल दिवस पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

बेहतर सामाजिक सौहार्द्र का पर्व है क्रिसमस : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। रविवार को सायंकालीन संध्या में स्थानीय चर्च में आयोजित कार्यक्रम में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। चर्च के फादर को संविधान की पुस्तक समर्पित करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यीशु मसीह के जन्म दिवस के मौके पर मनाया जाने वाला यह त्यौहार सभी धर्मों के बीच आपसी समन्वय एवं बेहतर संबंधों को स्थापित करता है। क्रिसमस के छुट्टी में पूरे दिन लोग नाचना,गाना,पार्टी मनाना जैसे अनेक कार्य करके खुशी मनाते है। इसे सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है, खासतौर से ईसाई समुदाय द्वारा। इस दिन सभी रंग-बिरंगे कपड़े पहनते है और खूब मस्ती करते है। सभी एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस कहकर बधाइयाँ देते है तथा एक-दूसरे के घर जाकर उपहार देते है एवं ईसाई लोग अपने प्रभु ईशु के लिये प्रार्थना करते है ।

युवा समाजसेवी शुशील कुमार ने दर्जनों गरीबों को बांटा कंबल

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वैध्यबिगहा वार्ड संख्या 7 के युवा समाजसेवी शुशील कुमार रवि ने अपने निजी खर्च से सोमवार को दर्जनों गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया।इस मौके पर बसपा नेता सह समजेसेवी प्रमोद कुमार रवि, बसपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम के अलावे दिनेश गुप्ता, आलमगीर आलम, प्रमोद कुमार सिंह, गोविन्द राम, अशोक मेहता, नंदू पासवान, अनुज पासवान व राजू पासवान ने बढ़ते ठंड में गरीबों के बीच कंबल बांटा जाना सहरानीय कार्य बताया। इस दौरान कुलदीप शिकारी सविना खातुन, सहजादे बेबी, कमरून खातुन, लाखो कुंवर, मंजू कुंवर, विंदेश्वर राम, रिता देवी, शिला देवी, मंजू देवी, अंजू देवी, अनिता कुंवर सहित दर्जनों गरीबों ने कंबल पाकर खुशी का इजहार करते युवा समाजसेवी शुशील के प्रति आभार जताया। वहीं युवा समाजसेवी ने कहा कि चिन्हित कर अपने स्तर से और भी गरीबों को कंबल बांटा जाएगा।

मूर्ति स्थापना निर्माण कार्य का जिला अध्यक्ष ने लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। भगत्त तेंदुआ एनएच 98 किनारे काली मंदिर स्थित शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल और भारत सरकार के दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की मूर्ति स्थापना को लेकर निर्माण कार्य जोरों पर है। इसे लेकर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला अध्यक्ष सह एनसीपी विद्यायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने सोमवार को कार्य स्थल पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे समिती के जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान के कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने निर्माण कार्य में समाज के सभी गणमान्य और प्रबुद्ध नागरिकों से सार्थक सहयोग देने की अपिल की है। मौके पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति हरिहारगंज प्रखंड इकाई के अध्यक्ष रामजी पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बता दें कि इसे लेकर बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पलामू अनीता देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष औरंगाबाद पंकज पासवान, डा.ओम प्रकाश, डा. जन्मेजय कुमार, हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार सहित कई अतिथियों की मौजूदगी में बीते साल ही निर्माण कार्य स्थल पर भूमि पूजन सम्पन्न हुआ था।

प्रभु यीशु, तुलसी एवं अटल जी की जयंती पर पर्यावरणविद कौशल ने किया पौधरोपण

मानव जीवन में तुलसी की सेवा और सेवन दोनों ही है महत्वपूर्ण : कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के स्टेशन रोड स्थित शांति की रानी महा गिरजाघर में प्रभु यीशु के जन्मदिन पर क्रिसमस ट्री व मां तुलसी के जन्मदिन पर बाईपास रोड पर्यावरण भवन के ऊपरी तल अकाश बाग में तुलसी का और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के जन्मदिन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पुलिस लाइन के सामने अमलताश व कदम का पौधा लगाकर पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए लोगों को शुभकामना दी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि प्रभु यीशु मानव के साथ ही पशु -पक्षी से भी प्रेम किया करते थे। लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल बदल सी गयी है। अब लोग पशु पक्षी को भोजन देकर उनकी सेवा करने के बजाय उसका भक्षण करने लगे हैं। इससे प्रभु यीशु की भावना काफी आहत हुई है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने मां तुलसी की जयंती पर कहा कि तुलसी की सेवा और सेवन दोनों ही मानव जीवन के लिए लाभकारी व गुणकारी है। उसकी सुरक्षा का दायित्व समाज के सभी लोगों पर है। यही कारण है कि हिन्दू धर्मावलंबी अपनी आंगन में तुलसी का पौधा लगाकर उसकी पूजा अर्चना उस धर्मिक परम्परा का निर्वहन करते हैं। यहां यह बताना भी जरूरी होगा कि तुलसी से होकर निकलने वाली हवा लोगों को कई घातक वायरस से बचाव करती है। वहीं घर को भी सुरक्षित रखता है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि प्रभु यीशु को कास्ट पर पुनः जीवित हुए थे। इसीलिए उन्होंने जन्मदिन पर उन धर्मावलंबियों से पौधा लगाने की अपील की थी ताकि उनके संदेश का अनुपालन हो सके। प्रभु यीशु के प्रतिमा के नीचे कैंडल जलाकर उन्हें भी याद किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक ज्योति कुमारी, दीपक चौरसिया, फादर माइकल कुजूर, फादर सुमन मिंज, प्रदीप,बारला, मौरीस कुजुर, राजेश मींज, अनिल सिंह चौहान, रणधीर जायसवाल, अमरेंद्र कुमार, रामू कुमार,अनुज चौधरी, ललित प्रजापति, छोटू आदि लोग शामिल थे।

पंडित राजा राम मिश्र के निधन से पलामू में शास्त्रीय संगीत के लिए अपूरणीय क्षति : सांसद

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रेड़मा स्थित सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आवास पर इनके पिता प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित राजा राम मिश्र के निधन होने के उपरांत धीरज मिश्रा एवं इनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए ढाढस बंधाया एवं परिवार को हर संभव सहायता करने की बात कही। सांसद श्री राम ने कहा कि पंडित राजा राम मिश्र का शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है,इन्होंने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने का कार्य किया है। स्वर्गीय राजा राम मिश्र जी के निधन से संगीत जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुमकिन नहीं है। इस मौके पर ईश्वरी पांडेय,दिलीप तिवारी,नवीन तिवारी,सूरज मिश्र,प्रियमवदा मिश्रा, पूजा मिश्रा उपस्थित रहे ।

बहन को ससुराल पहुंचा कर लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला छतरपुर मुख्य सड़क के कामगारपुर गांव के समीप ट्रैक्टर व बाइक में टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार युवक देवराज कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। बताया जा रहा है कि देवराज कुमार अपनी बहन को ससुराल छतरपुर पहुंचा कर लौट रहा था। इसी क्रम में तेज गति से ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। ट्रैक्टर को भी कब्जे में ले लिया है। मृतक कामगारपुर गांव निवासी देवराज कुमार के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

स्पोर्ट्स

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 189 रन पर सिमटी, कैमरन ग्रीन ने लिए 5 विकेट

आइपीएल सीजन 2023 : सनराइजर्स हैदराबाद टीम में चुने गये इटावा के उपेंद्र

इटावा। इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद टीम ने उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के छोटे से गांव जुगरामऊ के क्रिकेटर उपेंद्र यादव को 25 लाख रुपये में खरीदा है। टीम में चुने जाने के बाद क्रिकेटर के परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बधाई दी है। क्रिकेटर उपेंद्र के पिता दीवान सिंह यादव हाल में उप्र पुलिस विभाग में दरोगा के पद से रिटायर्ड हुए हैं। दिवान सिंह के घर आठ अक्टूबर 1996 को जनपद में जन्मे उपेंद्र यादव भारतीय प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर जो उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हैं। उन्होंने 29 नवम्बर 2016 को रणजी ट्रॉफी 2016-17 में प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया। पांच फरवरी 2018 को विजय हजारे ट्रॉफी 2017-18 में प्रदेश के लिए अपनी लिस्ट ए की शुरूआत की। मात्र 26 साल के उपेंद्र की दाएं हाथ के बल्लेबाज है। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ चल रहे रणजी मुकाबले में नाबाद 203 रन बनाए। दोहरा शतक जमाकर उपेंद्र यादव यह कारनामा करने वाले यूपी के 12वें खिलाड़ी बने। अपनी आतिशी पारी के दौरान उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर यूपी की ओर से सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी बनाया, इससे पहले यह रिकॉर्ड सुनील चतुर्वेदी के नाम था, जिन्होंने 183 रन बनाए थे। अपने रणजी करियर में अब तक चार शतकीय पारी खेल चुके उपेंद्र ने मौजूदा सत्र में यूपी की ओर से दो शतक लगाए हैं। कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में भी उपेंद्र ने शतकीय पारी खेली थी। परिजन बताते हैं कि उपेंद्र ने आठ वर्ष की उम्र में साउथ मैदान से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। उनकी यह उपलब्धि इटावा के लिए गर्व की बात है। कानपुर के केडीएमए से इंटरमीडिएट पास करने के बाद इस होनहार खिलाड़ी ने बल्लेबाजी के साथ विकेटकीपिंग का भी अभ्यास शुरू किया था। उनकी मेहनत और लगन ने आज इस मुकाम तक पहुंचाया है।

डीन एल्गर ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किये 5000 रन

मेलबर्न। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान डीन एल्गर ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट में 5,000 रन पूरे कर लिए हैं। एल्गर ने यह उपलब्धि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी टीम के दूसरे टेस्ट के दौरान हासिल की। मैच में एल्गर ने पहली पारी में दो चौकों की मदद से 68 गेंदों में 26 रन बनाए। एल्गर के अब 81 टेस्ट और 142 पारियों में 38.18 की औसत से 5,002 रन हो गए हैं। उनके नाम 13 टेस्ट शतक और 22 अर्धशतक हैं। एल्गर दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। प्रोटियाज के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं। उन्होंने 165 टेस्ट और 278 पारियों में 55.25 की औसत से 13,206 रन बनाए हैं। उन्होंने 224 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 45 शतक और 58 अर्धशतक बनाए हैं।

कारो माइंस में कार्य के दौरान सर्वेयर नोखलाल मंडल पर हमला, पिटाई से हुए घायल

बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल बी एंड के प्रक्षेत्र अंतर्गत कारों माइंस में सर्वेयर नोखलाल मंडल पर कार्य के दौरान हमला कर घायल कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक नोखलाल सर्वे संबंध कार्य कर रहे थे तभी कोल कर्मी अशोक महतो अपने सहयोगी चंद्रदेव महतो और भुनेश्वर महतो के साथ पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जिससे लोकखाल गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देख साथ में काम कर रहे अन्य सर्वे कर्मचारियों ने उन्हें करगली क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सीसीएल के रांची स्थित गांधीनगर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां जांच में पता चला है कि नोखलाल मंडल के दाहिने कान का पर्दा फट गया है। जिससे सुनाई नहीं दे रहा है।

ट्रैक्टर में सवार दो अन्य की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

ललपनिया। गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत बिरसा ग्राम में सोमवार की दोपहर दो बजे एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान संजय करमाली (28) और पच्चू यादव (30) के रूप में हुई है। इसी हादसे में घायल बिनोद करमाली और राजेश करमाली नामक युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों की मानें तो मृतक पच्चू यादव की दो बेटियां भी हैं, जिसमें एक की उम्र पहज दो महीना है। जबकि संजय का तीन साल का एक बेटा और दो साल की एक बेटी है। जानकारी के मुताबिक बिरसा गांव से इस दिन ट्रैक्टर व टाली लेकर

दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर-टॉली के साथ ही मृतक संजय करमाली और पच्चू यादव की तस्वीर।

कच्ची सड़क के रास्ते संजय, पच्चू, बिनोद और राजेश ईंट भट्टा जा रहे थे, तभी रफ्तार तेज होने और सड़क पर बड़ा गट्ढा होने के कारण ट्रैक्टर का पिछला पहिला मिट्टी में धंस कर अनियंत्रित हो गया और सात फीट नीचे गड्ढे में पलट गया। जिससे संजय व पच्चू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी को आनन-फानन में गोमिया स्थित सेवा सदन अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें गोमिया सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जबकि संजय और पच्चू को मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और जांच में जुट गए हैं। वहीं, चिकित्सकों की मानें तो विनोद और राजेश करमाली की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल है। जबकि गांव में शोक की लहर है। दूसरी ओर, घटना से नाराज ग्रामीणों ने मुआवाजे की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम किया, जिन्हें पुलिस ने समझा बुझा कर शांत कराया।

नियोजन व विस्थापन सहित 10 सूत्री मांग को लेकर जमसं का धरना

केंदुआ (आजाद सिपाही)। कुसुंडा एरिया 6 के अलकुसा स्थित यूसीसी इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी के मुख्य द्वार पर सोमवार को जनता मजदूर संघ (जमसं) की ओर से नियोजन व विस्थापन सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जमसं नेता सुरेंद्र सिंह ने कहा कि परियोजना से प्रभावित स्थानीय एवं विस्थापित बेरोजगार युवकों को झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 फीसदी रोजगार आउटसोर्सिंग, ट्रांसपोर्टिंग कोल डंप में दिया जाए। परियोजना विस्तारीकरण को लेकर गनसाडीह 4 नंबर बस्ती से चिन्हित 42 परिवार को सुरक्षित पुनर्वास करवाया जाए। अगर प्रबंधन हमारी 10 सूत्री मांगों पर विचार नहीं करता है तो 30 दिसंबर से कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉपरेट पहचान सं०–U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277
उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केन्द्र के समीप, कॉके रोड, पिन–834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.comjsbcl.jharkhand@gmail.com

पत्रांक–2055 दिनांक–24/12/2022

शुद्धि पत्र

Letter No: A/c-437/2022-23/20 Dated 07-12-22, Advt P.R. No-284495 के माध्यम से प्रकाशित आई० टी० सेवा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत संशोधित की जाती है :–

क्रमांक	विवरणी	निविदा समर्पित करने की पूर्व की तिथि	निविदा समर्पित करने की विस्तारित तिथि	समय
1	Last date/closing date for submission of E-Tender	26/12/2022	06/01/2023	04:00 P.M.
2	Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office.	27/12/2022	07/01/2023	04:00 P.M.
3	Online opening of Technical Bid.	28/12/2022	09/01/2023	11:00 A.M.

PR.NO.285971 Excise(22-23):D Sd/- General Manager (Operation) JSBCL.

महत्वपूर्ण न्यूज

प्राथमिक चिकित्सा और इमरजेंसी केयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस विभाग के एचआरडी हॉल में सोमवार को विशेष काम्पैक्ट प्राथमिक चिकित्सा और इमरजेंसी केयर पर व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह, एडिशनल चीफ मेडिकल ऑफिसर एवं प्रभारी (ओएचएस) डॉ आर कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सुवोजित रॉय, उप महाप्रबंधक (ओएचएस) सुधीर भानु, ओएचएस की नर्सिंग सिस्टर एसराय एवं एस शर्मा सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ आर कुमार ने इमरजेंसी केयर के सही तरीकों के साथ ही कार्यस्थलों पर प्राथमिक चिकित्सा और इमरजेंसी केयर से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं, एसराय एवं एस शर्मा ने प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स में उपलब्ध किट के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया। साथ ही प्रतिभागियों को इमरजेंसी केयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मौके पर सुधीर भानु द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुवोजित रॉय ने किया।

परियोजना पदाधिकारी ने अनुमंडल अधिकारी को पत्र देकर की जमीन को मुक्त कराने मांग

झरिया (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल लोदना एरिया 10 अंतर्गत शालीमार बंद मैगजीन घर की जमीन को कब्जा कर अतिक्रमणकारियो द्वारा मकान बनाया गया है। जबकि कुछ दबंग भूमाफिया अभी भी जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने में लगे हुए हैं, जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो शक्ति है। उक्त मामले को लेकर परियोजना पदाधिकारी जयरामपुर की ओर से अनुमंडलाधिकारी को पत्र देकर जमीन मुक्त कराने की अपील की गई है। वहीं कुछ लोगों पर जिस पर 107 की कार्यवाई के तहत केडी यादव, रवि शंकर, अवधेश यादव, काजू मिश्रा, गोविंद महतो, मदन महतो से कागजात की मांग की गई है। इसके पूर्व भी 16 व्यक्तियों को नोटिस भेजा गया है, पर अभी तक जमीन को अतिक्रमणकारियों से जोड़ापोखर पुलिस द्वारा मुक्त नहीं कराया गया है, जबकि जोड़ापोखर थाना से उक्त जमीन स्थल सामने है। फिर पुलिस मूक दर्शन बनी देख रही है। लोदना एरिया के लैंड अधिकारी वी सूत्रधार ने बताया कि कंपनी की जमीन को हर हाल में मुक्त कराया जायेगा। कुछ दबंग लोग जमीन की खरीद बिक्री में लगे हुए हैं, उनकी पहचान कर उन पर भी कार्यवाई की जायेगी।

सावित्री देवी ने चालीधौड़ा लोयाबाद में जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सोमवार को लोयाबाद के चाली धौड़ा में कंबल वितरण किया। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने सावित्री देवी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सावित्री देवी ने कहा कि ठंड बढ़ने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव गरीब तबके के लोग ही होते हैं। क्योंकि समाज के संपन्न लोग अपने सुख सुविधा के हिसाब से अपना व परिवार के लिए गरम कपड़े खरीद लेते है, लेकिन गरीब असहाय लोग पैसे के अभाव में ऐसा नहीं कर पाते हैं। इसलिए समाज के जागरूक लोगों को जरूरतमंदों के बीच इस तरह का आयोजन करना चाहिए।

लाहरबेड़ा एस क्लब ने जीता बालिका फुटबॉल का फाइनल मुकाबला

महुदा (आजाद सिपाही)। तारगा पंचायत के आमाडीह मैदान में प्रेम क्लब की ओ से बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एस क्लब लाहरबेड़ा एवं प्रेम क्लब आमाडीह के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें एस क्लब ने जीत दर्ज करी। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, विधायक प्रतिनिधी सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मुखिया पिंकी देवी, पंसस रूपदेव रवानी, उपमुखिया लखीराम मोहली आदि मौजूद थे। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं : तेजावत नरेश

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में 65वें वार्षिक कोयला खान सुरक्षा सप्ताह 2022 के तहत सोमवार को सुरक्षा को लेकर कई तरह के नाट्य कला और गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा रीजन के डीडीएमएस तेजावत नरेश उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम 19 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था जो मंगलवार तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा के दायरे में रहकर काम करने के तरीकों के प्रति कामगारों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सरकार और ज्ञानदीप ने संयुक्त रूप से किया। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन की क्वायरी एबी ओपेनकास्ट खदान के पीओ सह कन्वेयर राजेश पटेल और उनकी टीम मैनेजर पीपी सिंह, पीई हेमंत त्रिवेदी, प्रणीत, सर्वे ऑफिसर लवजी साव, कर्मकार निरीक्षक (माइनिंग) अशिम राय, कर्मकार निरीक्षक (इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल) उपेंद्र कुमार आदि ने खदानों का निरीक्षण किया। डीडीएमएस तेजावत नरेश ने कहा कि सुरक्षा में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। वहीं, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि उत्पादन के साथ सुरक्षा का ध्यान देने की जरूरत है।

खेलकूद से विकसित होती है सामंजस्य की भावना: भूतनाथ

रवि महतो स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उम्दा प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने झंडा तोलन के साथ एक पक्षी को खुले आसमान में उड़ाया। वहीं प्राचार्य मधुसुधन महतो ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस बीच बच्चों ने आकर्षक ड्रिल की प्रस्तुति की। छोटे बच्चे-बच्चियों का सांस्कृतिक नृत्य एवं उनके ड्रेस सभी के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं अभिभावकों के लिए भी खेलकूद की व्यवस्था की गई थी।

अंत में उत्तम प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह, महुदा थाना प्रभारी गंगासागर ओझा, सिंगड़ा के मुखिया सूर्यकांत महतो, अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के धनबाद जिला अध्यक्ष दीनानाथ केवट, शिवाकर महतो, प्रो भरत महतो, प्रो सीएल रवानी, अनंतलाल गोस्वामी, प्रेम कुमार महतो, अनुज महतो, अनिल गोप, पूर्व सरपंच ठाकुर महतो, पंसस मुकुंद महतो, दिलखुश अंसारी, सनाउल्ला अंसारी, यूगल किशोर महतो, डॉ गौतम कुमार, डीएलएड के एचओडी नवीन मंडल आदि उपस्थित रहे। वहीं, शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने कहा कि खेलकूद से सामंजस्य की भावना विकसीत होती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। उन्होंने राष्ट्रीय समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।

प्रबंधन के खिलाफ भारतीय कोलियरी कामगार यूनियन का धरना

मजदूरों से वादाखिलाफी कर रहा कपासारा कोलियरी प्रबंधन: अरूप

कहा- प्रबंधन ने मांगों को पूरा नहीं किया तो होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को इसीएल मुगमा एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में भारतीय कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। जहां मजदूर नेताओं ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही प्रबंधन को धरना के माध्यम से चेताते हुए जल्द ही मजदूरों की मांगे नहीं मानने पर आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की।

प्रबंधन के खिलाफ एक दिवसीय धरना में शामिल अरूप चटर्जी व अन्य।

धरना का नेतृत्व कर रहे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मजदूरों के बकाया वेतन के साथ ही न्यूनतम मजदूरी को लेकर इसीएल के कपासारा कोलियरी में कार्यरत मजदूरों एवं कपासारा कोलियरी प्रबंधन के बीच एक इकरारनामा बना था कि जल्द ही मजदूरों का बकाया वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनी ने ऐसा नहीं किया। जिस कारण बाध्य होकर धरना देना पड़ा। जल्द ही अगर मांगे पूरी नहीं होती हैं तो आने वाले दिनों में और जोरदार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

कार्यालय: जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301
e-mail ID : dsehazaribagh4@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम. डी. एम.–01/2022
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, हजारीबाग)

हजारीबाग जिला अंतर्गत स्कूल डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखंडवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक–02.01.2023 के अपराह्न 02 बजे तक जिला के सभी प्रखंडों के लिए निहित शर्तों के अनुसार निविदा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें, अन्य जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र NIC Portal के हजारीबाग जिला के अधिकृत Website:–hazaribagh.nic.in एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
हजारीबाग

PR 285982 (School Education and Literacy)22-23*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा
मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 02/2022-23/RWD/EE/KODERMA दिनांक :– 26.12.2022

1. कार्य का नाम :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/KODERMA/ 02/2022-23	ट्रीचर ट्रेनिंग कॉलेज बेकोबार से डोंगों पहाड़ी होते हुए बेलगढ़ा विद्यालय तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.500 कि0मी0) प्रखण्ड–कोडरमा	97,57,600/-	संतानवे लाख संतावन हजार छः सौ रू0 मात्र	09 (नौ) माह	प्रथम
1	RWD/KODERMA/ 03/2022-23	आर0सी0डी0 रोड से भखरा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.000 कि0मी0) प्रखण्ड–सतगांवां	73,70,400/-	तिहत्तर लाख सतर हजार चार सौ रू0 मात्र	09 (नौ) माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–09.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे ।
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग (ग) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि–10.01.2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न–3:30 बजे तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–11.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे ।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा, झारखण्ड, पिन कोड–825410।
7. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. यदि किसी कारणवश उपरोक्त अंकित तिथियों में अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस में अंकित कंडिकाओं का कार्य किया जायेगा एवं सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी ।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट या बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 285955 Rural Work Department (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।
ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना
T. Reference No. :- Different Tolas SVS-CLU - 25/2022-23 Date 26.12.2022

Si.No.	Name of Work	CLUSTER NAME	BLOCK	Estimated Cost (LAKH.)	Bid Security (LAKH)	Cost of BOQ (Rs.)
1.	Construction of Solar Based Mini Water Supply Scheme (SVS) in Different Block comprising of suitable R.C.C./ Framed structure ESR Distributi on line, Source (as required) and FHTC all comp lete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation, Division, Ranchi East, Ranchi.	SILLI (6A)	SILLI	836.71175	8.37000	10000.00
		SILLI (6B)	SILLI	664.33906	6.65000	10000.00
		SONAHATU (5E)	SONAHATU	578.197	5.79000	10000.00
		TAMAR (18F)	TAMAR	952.91419	9.53000	10000.00
		RAHE (17A)	RAHE	568.40613	5.69000	10000.00
		RAHE (17C)	RAHE	660.90079	6.61000	10000.00
		TAMAR (18A)	TAMAR	713.63729	7.14000	10000.00
		TAMAR (18B)	TAMAR	671.44218	6.72000	10000.00
2.	Time of Completion		9 Months + 1 months (Trial and run)			
3.	Date of Tender Uploading on Website		03.01.2023/04.00 PM.			
4	Document Download / Sale Start Date		03.01.2023/04.00 PM.			
5	Bid Submission Start Date		03.01.2023/04.00 PM.			
6	Document Download / Sale End Date		08.01.2023/05.00 PM.			
7	Bid Submission End Date		08.01.2023/05.00 PM.			
8	Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy)		09.01.2023/01.00 PM.			
9	Date of Opening of Tender		09.01.2023/06.00 PM.			
10	Name & Address of Office Inviting Tender		Executive Engineer, Dr inking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
11	Name & Address of Opening Officer		Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi.			
12	Contact No. Of Procurement Office		0651-2480155			
13	Helpline No. Of e-procurement cell		0651-2480345			

नोटः–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।

PR 285972 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

देश में कोरोना का खतरा

म्यांमार और बैंकॉक से 8 लोग कोरोना लाये साथ

गया और कोलकाता एयरपोर्ट पर हुई पहचान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में आये 8 विदेशी कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। बिहार के गया एयरपोर्ट पर बैंकॉक के 3 और म्यांमार के एक शख्स की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर म्यांमार से आये 4 विदेशियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। सभी के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिये गये हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर भी 2 कोविड पॉजिटिव मामले सामने आये हैं। इनमें से एक 24 दिसंबर को दुबई से आया था, जबकि दूसरा मलेशिया के कुआलालंपुर से आया था। गया में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आये 4 विदेशी नागरिक कोविड पॉजिटिव पाये गये हैं। इससे धार्मिक स्थल पर कोविड मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने कहा कि विदेशियों को फिलहाल बोधगया के एक होटल में आइसोलेट किया गया है।

एक्सपर्ट का दावा- बीएफ 7 वैरिएंट का असर भारत में ज्यादा नहीं

कोरोना पर केंद्र सरकार की सख्ती के बीच भारतीय एक्सपर्ट ने राहत भरी खबर दी है। सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के डायरेक्टर विनय के. नंदीकूरी ने कहा कि बीएफ 7 वैरिएंट का असर भारत में ज्यादा नहीं होगा। एक्सपर्ट के मुताबिक ज्यादातर भारतीयों के पास अब हाइब्रिड इम्यूनिटी है। उन्होंने वैक्सीनेशन के जरिये इम्यूनिटी हासिल कर ली है। हालांकि उन्होंने मास्क लगाने समेत कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने पर भी जोर दिया। सीसीएमबी के डायरेक्टर ने कहा कि इम्यूनिटी होने पर सभी तरह के नये वैरिएंट से बचने की क्षमता होती है, लेकिन हमेशा एक चिंता होती है कि जिन्होंने वैक्सीनेशन करवाया है वो भी ओमिक्रॉन के नये वैरिएंट से संक्रमित हो सकते हैं। हालांकि भारत में संक्रमण को लेकर उतना ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है, जितना डेल्टा वैरिएंट के समय हुई थी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारे पास एक हद तक हर्ड इम्यूनिटी आ गयी है। यही वजह है कि हम अन्य वायरस के संपर्क में आने के बावजूद सुरक्षित हैं।

आगरा में चीन से लौटा कारोबारी कोरोना पॉजिटिव

यूपी के आगरा में चीन से लौटा एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग की जांच के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम कारोबारी के घर पहुंच गई है। उसके संपर्क में आने वाले लोगों को भी ट्रेस किया जा रहा है। आगरा के शाहगंज क्षेत्र का रहने वाला युवक पेशे से कारोबारी है। सीएमओ ने बताया कि कारोबारी 23 दिसंबर को चीन से लौटा है। उधर, कानपुर में भी एक युवक कोरोना पॉजिटिव मिला है। एक दिन पहले मेरठ में पांच साल के बच्चे की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी थी। तीन दिन पहले गुजरात के भावनगर में एक कारोबारी भी संक्रमित मिला था।

विदेशों से आने वालों का आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी

देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि चीन, जापान सहित 5 देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाये जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारैंटाइन किया जायेगा।

डॉक्टर कश्यप दंपत्ति को राष्ट्रीय आइएमए ने कनक गोयल और ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रयागराज। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रयागराज में आयोजित वार्षिक कांफ्रेंस में पहले दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह के द्वारा डॉ. भारती कश्यप को कनक गोयल सामान एवं डॉ. बीपी कश्यप को ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. बीपी कश्यप के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य झारखंड बिहार के प्रथम नेत्र प्रत्यारोपण का श्रेय झारखंड में रोबोटिक लेजर मोतियाबिंद सर्जरी एवं इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी की शुरूआत मेडिकल छात्रों की डीएनबी कोर्स की शुरूआत डॉ. भारती कश्यप ने महिलाओं के कैंसर उन्मूलन की दिशा में न केवल जगह-जगह सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन कैंप लगाये और कैंप स्थल में ही सर्वाइकल प्री-कैंसर को क्राय उपचार द्वारा खत्म किया, राज्य में प्रशिक्षित सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों की बड़े नेटवर्क को तैयार करने में सरकार की मदद की। 12 बड़े सरकारी अस्पताल में सर्वाइकल प्री-कैंसर के पश्चात उपचार की मशीनें भी लग चुकी है। 2015 से लगाये जा रहे मेगा महिला स्वास्थ्य शिविरों में हजारों महिलाओं के एनीमिया ल्यूकोरिया जैसी बीमारियों का मुफ्त इलाज हुआ है। उन्हें सुरक्षित मातृत्व के लिए तैयार किया गया है। नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत उन्होंने सरकारी स्कूल के 20 लक्षण बच्चों की जांच की चश्मा दिया और मोतियाबिंद से ग्रसित स्कूल छोड़ चुके बच्चों का ऑपरेशन कर उन्हें दोबारा स्कूल की पढ़ाई शुरू करायी। 2005 से हर साल नेत्रदान अभियान रन फॉर विजन का लगातार कर रही है आयोजन।

आइएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इलाहाबाद में आइएमए की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आयोजित समारोह में डॉ भारती कश्यप कनक गोयल अवार्ड एवं डॉ बीपी कश्यप ज्योति गांगुली अवार्ड से सम्मानित होते हुए।

आइआइटी खड़गपुर ने सोआ संस्थापक को प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रोफेसर डॉ. मनोजरंजन नायक शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के संस्थापक अध्यक्ष को शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) खड़गपुर द्वारा वर्ष 2022 के लिए विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

24 दिसंबर (शनिवार) को आयोजित आइआइटी खड़गपुर के 68वें दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर नाइक को यह सम्मान दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार नंद ने प्रो. नायक के सम्मान को स्वीकार किया। प्रोफेसर नाइक को आइआइटी खड़गपुर के एक पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है।

अटल समाधि पहुंचे राहुल, दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत जोड़ो यात्रा से ब्रेक लेकर राहुल गांधी सोमवार सुबह दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि पहुंचे। उन्होंने अटलजी को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी सोमवार सुबह सबसे पहले राजघाट गये। वहां महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद वे जवाहरलाल नेहरू की समाधि पर गये। उसके बाद राहुल ने दादी इंदिरा और पिता राजीव गांधी को भी प्रणाम किया। इसबीच भाजपा ने उन पर हमला बोल दिया है। भाजपा ने कहा है कि अगर कांग्रेस वाकई अटलजी का सम्मान करती है, तो उन्हें अंग्रेजों का मुखबिर कहने वाले गौरव पांधी को कांग्रेस से निकालें। साथ ही उनके बयान के लिए माफी भी मांगें। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस नेता गौरव पांधी ने रविवार यानी 25 दिसंबर को अटल की जयंती के मौके पर ट्वीट किया था कि 1942 में आरएसएस के अन्य सदस्यों की तरह अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत छोड़ो आंदोलन का बहिष्कार किया। उन्होंने आंदोलन में शामिल होने वाले वालों के खिलाफ ब्रिटिश मुखबिर के तौर पर काम किया। हालांकि गौरव पांधी ने विवाद के बाद अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है। इसी को लेकर ड्डाजपा ने राहुल के अटल जी के समाधि पर जाने के बाद हमालवार बन गयी।

पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने किया भुवनेश्वर न्यू रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

भुवनेश्वर (एजेंसी)। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री रूप नारायण सुनकर ने आज भुवनेश्वर न्यू रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, सुनकर ने सम्मानित यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया और अधिकारियों को विभिन्न परियोजना कार्यों को तेजी से पूरा करने की सलाह दी। प्राथमिक रूप से सकुर्लेटिंग एरिया, कॉन्कोर्स, प्लेटफॉर्म लाइटिंग, वेटिंग रूम, शौचालय आदि के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जो यात्रियों की सुविधा के लिए बहुत जरूरी हैं। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को रेल उपयोगकताओं के लाभ के लिए सड़क संपर्क के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय करने की भी सलाह दी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी भी कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक सुनकर के साथ पूतरे के प्रधान मुख्य अभियंता एनएस. उइके, मुख्य अभियंता (निर्माण) अक्षय सक्सेना एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**